वर्ष- 21 अंक - 352
cityblastindore@gmail.com
RNI NO. MPHIN/2005/15582
fb.com/cityblastindore
मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 7 जून 2026

## सांसदों के टूटने के डर से हिली ममता

### भतीजे अभिषेक को अचानक भेजा दिल्ली



**कोलकाता ● एजेंसी**

बंगाल के चुनाव में ममता की हार के बाद उनकी पार्टी तृणमूल में बगावत से ममता बुरी तरह हिल गई है। कई विधायक बगावत कर चुके हैं और अब खबर है कि ममता की पार्टी के कई सांसद भी टूटकर अलग गुट बनाएंगे। इसी विद्रोह के चलते ममता अपने भतीजे के साथ आज दिल्ली पहुंचने वाली थी, लेकिन अचानक उन्होंने एक दिन पहले ही भतीजे अभिषेक को दिल्ली भेज दिया। लोकसभा में टीएमसी के पास वर्तमान में कुल 28 सदस्य बचे हैं। दल-बदल विरोधी कानून के कड़े प्रावधानों के तहत किसी भी बागी गुट को बिना अयोग्य घोषित हुए अलग गुट का दावा करने के लिए संसदीय दल के कम से कम दो-तिहाई यानी न्यूनतम 19 लोकसभा सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। इसके साथ ही राज्यसभा में पार्टी के 13 सांसद हैं।

### सांसद बनना चाहती हैं ममता?

पश्चिम बंगाल में एक खबर ने सियासी हलचल मचा दी। दावा किया गया कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी सांसद बनना चाहती हैं और इसके लिए उन्होंने सौरव गांगुली के जरिए बरहामपुर से टीएमसी सांसद यूसुफ पठान से इस्तीफा दिलाने की कोशिश की। हालांकि सौरव गांगुली और यूसुफ पठान दोनों ने इस दावे को पूरी तरह गलत बताते हुए ऐसी किसी बातचीत से इनकार कर दिया।

### तृणमूल विधायक पर भीड़ ने फेंके अंडे

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उत्तर 24 परगना जिले में टीएमसी विधायक मदन मित्रा को भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। मदन मित्रा अपनी ही विधानसभा क्षेत्र कमारहाटी में एक सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां उग्र भीड़ ने उन पर अंडों से हमला कर दिया। इस हंगामे के बाद उन्हें अपना कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर उल्टे पैर वापस लौटना पड़ा।

## राजवाड़ा पर पोहा पार्टी



### विश्व पोहा दिवस पर इंदौर में पोहा प्रेमियों की कतार

**रविवार।** आज विश्व पोहा दिवस के अवसर पर पोहा प्रेमियों द्वारा कई आयोजन किए जा रहे हैं। पोहा के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले इंदौर शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर आज सुबह पोहा वितरण किया गया। इस दौरान पोहा प्रेमियों की कतार नजर आई।

**3 मासूम बच्चे डूबे-**बनासकांठा. एजेंसी। गुजरात के बनासकांठा जिले में अंबाजी के पास रिछडी गांव के तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है।

### अडाणी फिर एशिया में सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी एक महीने बाद फिर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई जोरदार तेजी के बाद उनकी नेटवर्थ बढ़कर 90 अरब डॉलर यानी करीब 8.55 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

### दो टुकड़े हुई ट्रेन

**लुधियाना.एजेंसी।** लुधियाना रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से वैष्णोदेवी जा रही कटरा स्पेशल ट्रेन दो टुकड़े हो गई। ट्रेन जैसे ही स्टेशन से रवाना हुई, दो डिब्बों को जोड़ने वाली कपलिंग अचानक टूट गई। जोरदार आवाज के साथ स्लीपर कोच का टॉयलेट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों डिब्बे अलग हो गए। ट्रेन में 1200 यात्री सवार थे।

### आतंकी ऑपरेशन के दौरान खाई में गिरने से सेना के लेफ्टिनेंट शहीद

**राजौरी.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एंटी-टेरर ऑपरेशन के दौरान सेना के लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी की मौत हो गई। वे ऑपरेशन के दौरान खाई में गिर गए। यह ऑपरेशन पिछले करीब दो सप्ताह से जंगलों में छिपे आतंकियों की तलाश के लिए चलाया जा रहा है।

### कॉकरोच पार्टी का सदस्य न बनने पर डॉक्टर को पीटा

**मऊ.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मऊ में एक युवक ने एक डॉक्टर की पिटाई कर दी और स्वास्थ्य केंद्र में भी तोड़फोड़ की। आरोपी युवक ने डॉक्टर को कॉकरोच पार्टी का सदस्य बनने को कहा, जब डॉक्टर ने इंकार किया तो युवक ने मारपीट और तोड़फोड़ की तथा धमकी देकर फरार हो गया।



### 50 से अधिक किन्नरों की सनातन में वापसी मां मीना नायक बनीं महामंडलेश्वर

**ब्यावरा.एजेंसी।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा में किन्नरों का महासम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें 50 से ज्यादा किन्नरों ने सनातन में वापसी की। इस मौके पर राजगढ़ की किन्नर गुरु मां मीना नायक को महामंडलेश्वर की पदवी दी गई। सम्मेलन में इंदौर, भोपाल, उज्जैन सहित देशभर से बड़ी तादाद में किन्नर पहुंचे। इन किन्नरों की शोभायात्रा भी निकाली गई।

## बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से 6 की मौत





### एमपी-राजस्थान में आंधी-बारिश, कई जगह पेड़ गिरे

**रविवार.एजेंसी।** अभी मानसून पूरी तरह आया नहीं,लेकिन इसके पहले ही देश के कई राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का कहर जारी है। बिहार-झारखंड में बारिश के बीच बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई जबकि मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई इलाकों आंधी-बारिश के दौरान कई पेड़ गिर गए। शाजापुर में ओले गिरे, जबकि नर्मदापुरम् में होस्टल की छत पर पेड़ गिर गया। राजस्थान के बीकानेर में भी ओले गिरे और श्रीडूंगरगढ़ में टीन शेड और टेंट उड़ गए।

## न्यूज ब्रीफ...



### 20 से ज्यादा नावें जलकर राख

**रविवार.एजेंसी।** इक्वाडोर के मांटा फिशिंग पोर्ट पर भीषण आग लग गई। आग एक नाव से शुरू होकर तेजी से आसपास खड़ी दूसरी नौकाओं तक फैल गई। हादसे में 20 से ज्यादा नावें जलकर खाक हो गईं। हादसे में अब तक 2 लोगों के घायल होने की खबर हैं।

### बस में लगी आग बाल-बाल बचे 29 यात्री

**हरिद्वार.एजेंसी।** हरिद्वार में एक बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह बस राजस्थान के कोटा जा रही थी। गनीमत यह रही कि बस में सवार सभी 29 यात्री बच निकले, लेकिन उनका सामान जलकर राख हो गया।

### अमेरिका में फेस्टिवल के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग, कई हताहत

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सामुदायिक स्ट्रीट फेस्टिवल के पास अचानक गोलीबारी हो गई। 8 से ज्यादा लोगों को गोली लगी। अचानक हुई इस फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई।

### ट्रंप की टीम से इस्तीफा देंगे श्रीराम कृष्णन

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** व्हाइट हाउस में एआई पॉलिसी एडवाइजर और भारतीय मूल के टेक एक्सपर्ट श्रीराम कृष्णन ने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। चेन्नई में जन्मे कृष्णन जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। ट्रंप प्रशासन की एआई रणनीति तैयार करने में उनकी अहम भूमिका रही। हालांकि उन्होंने इस्तीफे की वजह नहीं बताई, लेकिन एआई क्षेत्र में आगे भी सक्रिय रहने के संकेत दिए हैं।

### हिन्दू छात्रों को बीफ खाने के लिए किया फोर्स, मां गिरफ्तार

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम पुलिस ने एक मुस्लिम महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में लिया। आरोप है कि नौवीं कक्षा के इस छात्र ने निचले असम के गोलपाड़ा ज़िले के एक सरकारी स्कूल में अपने टिफ़िन में बीफ (गोमांस) लाया था और उसे अपने दो सहपाठियों के साथ खिलाने की कोशिश की थी, जो धार्मिक कारणों से गोमांस नहीं खाते हैं।

### सलीम कुमार नहीं रहे

**कोच्ची.एजेंसी।** मलयालम एक्टर सलीम कुमार का निधन हो गया। इलाज के लिए उन्हें कोच्ची के अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# जन अधिकार यात्रा में पहुंचे व्यापारी और रहवासी भी

## पटवारी, सिंघार नहीं पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस ने कल मधुमिलन तिराहा से छावनी रोड आरएनटी मार्ग पर जन अधिकार यात्रा निकाली। इसके पहले कांग्रेसियों ने आरएनटी मार्ग छावनी सहित एक दर्जन से अधिक रहवासी क्षेत्रों में इस यात्रा के लिए निमंत्रण भी दिया था। बड़ी संख्या में कांग्रेसी मधुमिलन चौराहा पर इकट्ठा हुए, वहां पर कई व्यापारी और रहवासी भी अपनी पीड़ा का इजहार करने इस यात्रा में पहुंचे। महत्वपूर्ण बात यह रही कि सभी ने इस तोड़फोड़ की नुकसानी मुआवजे के रूप में मांगी और कहा कि जिस प्रकार उज्जैन में अतिक्रमण तोड़ा गया और उन्हें दोगुना मुआवजा दिया गया इस प्रकार इंदौर शहर में भी मुआवजा दिया जाए 60 फीट का रोड का कहा गया और लोगों के 20 से 25 फीट के मकान तोड़ दिए इंदौर नगर निगम द्वारा की गई पक्षपात पूर्ण कार्रवाई में 125 साल पुराने मकान तोड़ दिए। 5 बजे से ही मधुमिलन चौराहा पर कांग्रेसी, रहवासियों का आना शुरू हो गया था और शाम 6 बजे यह अधिकार यात्रा मधुमिलन से आरएनटी मार्ग होते हुए छावनी की ओर बढ़ी। रास्ते भर कांग्रेस कार्यकर्ता, व्यापारी, महापौर और परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते दिखाई दिए। कांग्रेस के मंच पर व्यापारी और रहवासियों ने अपनी बातें भी रखी और यह भी कहा कि हमें महापौर और विधायक ने हमसे बात की और हमें 60 फीट पर राजी किया लेकिन इतनी बर्बरता से





तोडफोड कर कई मकानों की स्थिति कर मकान को हिला दिया गया, कई मकान तो काम के ही नहीं रहे, फिर से तोडकर मकान बनाने पडेंगे, ना ही मुआवजे की बात हुई न ही एफआईआर बढ़ाया। व्यापारी बोले कि हम और यहां के रहवासी भाजपा के राज में ठगा गए है। वही कांग्रेस ने भी 60 फीट के हिसाब से नक्शा पास करने की बात कही और मुआवजे की मांग भी की। कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आने की बात भी कही थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर कल भोपाल में पटवारी विधायकों की रणनीति में लगे रहे और राज्यसभा चुनाव को लेकर कल कांग्रेस ने भोपाल में बैठक 5 बजे बुलाई थी। उधर उमंग सिंघार के यहां विधायकों का भोज था इसलिए वे भी नहीं आए। कुछ और वरिष्ठ नेता भी नहीं पहुंचे थे। फिर भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी इस जनअधिकार यात्रा में पहुंचे। चिंटू चौकसे, सत्यनारायण पटेल, विपिन वानखेड़े, दीपक मलोरिया रानू, शैलेष गर्ग, नीलेश सेन शैलू, जीतू दीवान, मुकेश ठाकुर, विकास जोशी, आशीष यादव, रमेश बिजवा, घनश्याम यादव, महेश खींची, राजा कश्यप, विजय कैथवास, अनवर दस्तक, सलीम पठान, रफीक खान, छोटेलाल कश्यप, राधेश्याम परिहार, मनीष भदकारे, लोकेश हार्डिया सहित अन्य पहुंचे थे।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने विरोध में निकाला जुलूस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का जनसंघर्ष अभियान के अन्तर्गत तेजाजी चौक राऊ पर एकत्रित हुए। इसमें खेत में काम करने वाले मजदूर और महिलाएं भी शामिल हुई। साथ में लघु किसान मजदूर आदिवासी भी इस विरोध रैली में जुड़े। ग्रामीणों की समस्या लगातार कम्युनिस्ट पार्टी उठा रही है। कल रैली निकाली गई। जिसमें बैनर-पोस्टर भी थे, जिसमें लगातार पेट्रोल-डीजल, गैस टंकी की बढ़ोतरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, पट्टा, चरनोई की जमीन सहित कई मुद्दे उठाए गए। अरुण चौहान ने बताया कि राऊ के प्रमुख मार्गो से यह जुलूस 2 किलोमीटर तक नारे लगाते हुए निकाला गया। तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री और संभाग आयुक्त के साथ कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में अरुण चौहान, काशीराम नायक, राजू जरिया, सीताराम, भादर सिंह, गब्बू, सोहेल खान, मनोहर डाबर, राकेश भाटिया, मंगल सिंह, राधेश्याम, ममता सोलंकी, सपना, हेमा, गुलकबाई कटारे, राजेश सहित अन्य मौजूद थे। नुक्कड़ सभा और पर्चा वितरण का आयोजन भी किया गया था।





## मेधावी छात्रों के साथ राजनेताओं का सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था सहयोग ने मेधावी छात्रों के सम्मान का आयोजन किया था उस आयोजन में राजनीति भारी पड़ गई। भाजपा से जुड़े नए पदाधिकारियों के सम्मान के लिए भी बड़ी माला आई और विद्यार्थियों को प्रशस्ती पत्र और स्मृति चिह्न दिए गए। भाजपा के एक प्रदेश पदाधिकारी के आने की बात भी कही गई थी, लेकिन वे भी नहीं पहुंचे थे। पार्षद राजीव जैन, मनस्वी पाटीदार, वर्षा शर्मा, प्रमोद रघुवंशी सहित अन्य मौजूद थे।



## पूर्व विधायक रहे अभिनंदन में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री वासुदेव चन्द्रवंशी यादव समाज संघ के तत्वावधान में गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से रीगल तिराहा स्थित कॉफी हाउस में सम्मान समारोह और नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मातृशक्तियों और मेधावी छात्रों का अभिनंदन किया गया। अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल थे। मदन परमालिया ने बताया कि ज्योति यादव, मोहिनी यादव, शशि सिंह, कमलेश यादव, अनुपम यादव, रश्मि सिंह, कमलेश कुमारी, सुनीता वर्मा का सम्मान किया गया। रामाधार यादव, दादू महाराज, अशोक यादव, मितेन्द्र दर्शन सिंह, चेतन चौधरी, रमेश मोर्य, संजय जयंत, राजकिशोर यादव, सुभाष यादव, राजकुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, नरेंद्र सूर्यवंशी, गणेश वर्मा, मुन्नालाल यादव, आकाश यादव, जगमोहन सोन, सविता यादव, आफताब आलम कुरैशी मौजूद थे।

## पार्षद ने गंदा पानी भरकर दी महापौर को चुनौती

### जैसा सुदामा नगर में पिया वैसा पियो आप जहां कहोगे वहां आ जाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के शहरी क्षेत्र कांग्रेस के वार्ड 75 के पार्षद कुणाल सोलंकी ने कल रात कुम्हार भट्टी पालदा क्षेत्र के एक घर पर आ रहे नल से पानी का जग भरा और नल चालू हुआ तो उसका बकायदा वीडियो बनाया गया एक नहीं जग और गिलास में भी पानी भरा गया और उसके बाद सीधा महापौर को इस गंदे पानी के लिए चुनौती दी गई और सीधा वीडियो पार्षद और वहां मौजूद लोगों ने महापौर को संबोधित करते हुए कहा कि आपने कहा है कि शहर में कहीं गंदा पानी नहीं आ रहा है और आपने पानी पीकर भी देखा है। दोनों गंदे पानी का जग और गिलास हाथ में लेकर कहा कि महापौरजी इसे टेस्ट करके देखिये यह पानी कैसा है, यहां तक कहा गया कि आप जहां बोले हम वहां यह पानी लेकर आने को तैयार है, बस टेस्ट कर लीजिए। कुल मिलाकर सोशल मीडिया पर यह वीडियो और चित्र तर्क-वितर्क के साथ सुर्खियां बटोर रहा है।



## मुख्यमंत्री, महापौर एवं विधायक को लिखा पत्र

## जल प्रवेश चैनल से अतिक्रमण एवं गंदगी हटाई जाएं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

युवा जागृति परिषद के अजय चौधरी, राहुल लोदवाल, रूपेश कटारिया, अनिकेत कारोले, सरबजीत अरोरा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर शिवम वर्मा को पत्र लिखकर राऊ क्षेत्र बिजलपुर के हुकमा खेड़ी तालाब को पुनः मूल स्वरूप में लाने की बात लिखी। इस तालाब को प्राथमिकता से वर्षा ऋतु के पूर्व आवश्यक आधुनिक सफाई संसाधन का उपयोग करते हुए, जल संचय और पर्यावरण सुधार की सार्थक पहल करें। तालाब से अतिक्रमण हटवाए जाए और तालाब का जल स्तर सुधरवाया जाएं। पूर्व में भी 15 एकड़ में फैले इस तालाब पर काम किया गया था। उस समय भी जनप्रतिनिधि और संस्था पदाधिकारियों का सहयोग मिला था। पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में इस तालाब को वर्षा ऋतु के पानी से भरकर जल संग्रह के लिए लगभग 15 से 17 फीट गहरा बनाकर प्राकृतिक जल संचय का एक अनूठा उपहार देकर इस क्षेत्र के नागरिकों को प्रदान करवाया था। कुछ वर्षो से तालाब के इर्द-गिर्द अतिक्रमण हो चुके है, बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बन गई है, जिसकी वजह से राऊ मुक्तिधाम तथा आगरा-मुंबई रोड और आसपास गांव क्षेत्र के वार्ड 79 तथा वार्ड 80 के क्षेत्र का आने वाला पानी बाधित होता चला गया है तथा स्वच्छता के अभाव में संपूर्ण तालाब जलकुंभी से भर गया है जिसकी वजह से नागरिकों से मिली समस्या और शिकायत अनुसार गंदे पानी की समस्या हैंडपंप और कुआं में आने लगी है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जनहित, पर्यावरण हित की दृष्टि से इस ओर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाना आवश्यक है और उचित है।



# पोहा खाने वालों को विजयवर्गीय के कारण करना पड़ा इंतजार

## राजवाड़ा पर कई भाजपाई पहुंच गए, लेकिन मंत्री देरी से आए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




आज विश्व पोहा दिवस है और आज इंदौर में कई जगह पोहा का वितरण हो रहा है। विदेश से लेकर देश और प्रदेश तक में इंदौरी पोहा हमेशा चर्चित रहता है, यह इंदौरी पोहा अब विदेश तक में फैल चुका है, कुछ सालों से राजवाड़ा क्षेत्र में पोहा उत्सव मनाया जाता है, जिसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई भाजपाई पहुंचते हैं, आज भी राजवाड़ा पर पोहा वितरण का आयोजन सुबह से शुरू होना था और कई शौकीन पोहा का लुत्फ लेने राजवाड़ा पर पहुंच गए थे। कुछ भाजपाई और जनप्रतिनिधि भी यहां पहुंचे, लेकिन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के देरी के आने की वजह से पोहा वितरण यहां देरी से शुरू हुआ। मंच का कार्यक्रम भी हुआ और मंच पर खड़े होकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पार्षद रूपाली पेंढारकर सहित अन्य ने पोहा से अपनी पेटपूजा की। कुछ देर इन नेताओं ने पोहा वितरण में भी अपने हाथ लगाए और फिर निकल गए। महत्वपूर्ण बात यह है कि पोहा के दो बड़े स्टाल लगाए गए थे एक नाश्ता की दुकान के बाहर और दूसरा महालक्ष्मी मंदिर के बाहर लगा था। यह दोनों ही स्टाल यही राजवाड़ा पर पोहा वालों ने ही लगाया था, जिसका राजनीतिक लाभ राजनेताओं ने ले लिया।



## ग्रीष्म कालीन वाचना समापन समारोह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल्पतरू तीर्थ में एक माह से चल रहे ग्रीष्म कालीन वाचना शिविर का समापन आयोजित किया गया। जिसमें रत्नकरण्ड श्रावकाचार, पद्मंदन एवं कल्याण मंदिर अर्थावली तथा ॐ श्रीं हीं नमः के सवा सौ करोड़ के जाप का समापन समारोह सम्पन्न हुवा। अभिषेक, शांतिधारा के बाद सहयोगियों का अभिनन्दन किया, कलश वितरित किए गए, आचार्य के उद्बोधन भी दिए। वीरेन्द्र बड़जात्या, जैनेश झांझरी, महेन्द्र जैन निगोत्या, संजय पाटोदी, शीला डोसी, रेखा जैन, सीमा बड़जात्या, महेन्द्र जैन, संजय जैन, आशीष जैन, नरेश कासलीवाल, सुरेश सेठी, दिलीप पापल्या, सुशील पाण्डया, अनिल गंगवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## विजयवर्गीय बोले फ्री में ब्राह्मण की चाय पीकर मरना है क्या...



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज सुबह पोहा पार्टी में राजवाड़ा देरी से पहुंचे थे और राजवाड़ा पर जनप्रतिनिधियों और जनता के साथ पोहा का सेवन करने के साथ विजयवर्गीय हमेशा की तरह इस बार भी गोराकुण्ड चौराहा के समीप विशाल-टी चाय की दुकान पर पहुंचे और वहां चाय भी पी। इस दौरान समर्थक भी वहां पहुंच गए और चाय पी और पीछे की दुकान से आलूबड़ा भी मंगवाया और आलूबड़ा खाने के बाद चाय भी पी और फिर दुकानदार विशाल और विक्की को पैमेंट करने लगे तो दुकानदार ने कहा नहीं आप से पैसे नहीं लूंगा इस पर विजयवर्गीय हंसे और बोले तुम ब्राह्मण हो.. ब्राह्मण की फ्री में चाय पीकर मरना है क्या...विजयवर्गीय पूर्व से ही इस चाय दुकान के शौकीन रहे हैं और हमेशा वहां पैसे देते रहे हैं। पिछली बार भी उन्होंने व्यापारियों के साथ चाय पी थी और 500 रु. का नोट दिया था। आज भी भुगतान नहीं लेने पर भुगतान के रूप में रुपये सीधे गल्ले में विजयवर्गीय ने डाले थे।



## राजमोहल्ला में भी शुरू हुआ पोहा वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज पश्चिमी क्षेत्र के साऊथ राजमोहल्ला स्थित डेयरी गली में संस्था प्रेम किरण के बैनरतले विश्व पोहा दिवस पर पहली बार पोहा वितरण का आयोजन किया। बढ़िया झन्नाट पोहा के साथ नुकती-सेव का लुत्फ लेने बड़ी संख्या में इंदौर पोहा शौकीन पहुंचे। संस्था से जुड़े मधुसूदन भलिका, नीलेश भूतड़ा पप्पू ने बताया कि यह पहला प्रयास हमने पश्चिमी क्षेत्र में शुरू किया है जो आगे भी जारी रहेगा। संस्था द्वारा गुड़ी पड़वा पर श्रीखंड का वितरण किया जाता है और जब नौतपा होता है तो आम का पना भी वितरित किया जाता है और अब पोहा वितरण भी शुरू हुआ है। बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाज के अलावा राजमोहल्ला के रहवासी और कई राजनेता भी आज झन्नाट पोहा का लुत्फ लेने पहुंचे।

## छावनी मुद्दे पर बागड़ी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अरविन्द बागड़ी ने हाल ही में नगर निगम द्वारा छावनी क्षेत्र में विकास के नाम पर की गई चौड़ीकरण के लिए तोड़फोड़ को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा और पत्र में लिखा कि छावनी प्राचीन धरोहर है जिसका नगर निगम ने नक्शा ही बिगाड़ दिया है और कई पीढ़ियों से रह रहे परिवारों को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है, कई लोग यहां रहते हुए अपनी जीविका का साधन घर के नीचे ही चला रहे थे उनमें से कइयों के कारोबार भी समाप्त हो गए हैं। नगर निगम ने जिस तानाशाही के साथ इन घरों पर जेसीबी का पंजा चलाया है वह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं माना जा सकता। रातों रात 250 परिवारों को सडक पर ला खड़ा करना कोई प्रजातांत्रिक काम नहीं हो सकता। बागड़ी ने पत्र में लिखा कि न केवल छावनी बल्कि इसके पूर्व जिंसी, गणेशगंज, बियाबानी, रणजीत हनुमान एवं अन्नपूर्णा रोड सहित अनेक प्रमुख क्षेत्रों में भी भाजपा शासित नगर निगम की जेसीबी मशीनों और बुलडोजर ने अपना कहर बरपाया है। अभी भी अनेक प्रमुख क्षेत्रों में विकास के नाम पर अनेक घरों और दुकानों को तोड़ने की योजना प्रस्तावित है।



## पार्षद ने किया ड्रेनेज कार्य का भूमिपूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 के वार्ड 83 के स्कीम नं. 71 में नई ड्रेनेज लाइन डालने का भूमिपूजन पार्षद जीतू राठौर और रहवासियों ने मिलकर किया।

## कांग्रेस उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी

### इंदौर शहर में भलिका बने अध्यक्ष, प्रदेश में इंदौरी भी पदाधिकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उद्योग व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द बागड़ी ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और संगठन प्रभारी संजय कामले द्वारा अनुमोदित प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में 2 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 19 सचिव एवं 58 जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर नरेन्द्र सिंह व देवेंद्रसिंह करौदी, प्रदेश महामंत्री पर कपिल मिश्रा, गोविंद सोनी, प्रशांत जैन साथ ही कई जिला-शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई, जिसमें शहर भोपाल से अजय माहेश्वरी, इन्दौर से मधुसूदन भलिका, उज्जैन से वरुण शर्मा, देवास से मयंक जैन शामिल है। उक्त नियुक्तियां डॉ. महेन्द्रसिंह चौहान प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ एवं विभाग के द्वारा संपन्न की गई है। इन्दौर में मधुसूदन भलिका की नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं के अलावा कई उद्योगपति, व्यापारी और माहेश्वरी समाजजनों ने बधाई दी है। वहीं इंदौर से प्रदेश पदाधिकारी भी बनाए गए हैं। इनमें मोहम्मद पीठावाला, दीपक पंचायती, गोविंद अग्रवाल, रवि तेजवानी को सचिव बनाया गया है उन्हें भी बधाइयां मिली है।

## सांसद को विधानसभा में और विधायकों को मंडल में रूकना होगा 24 घंटे

### केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष जनसम्पर्क अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा की केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को भाजपा सफल बता रही है और इसी कारण भाजपा विशेष जनसम्पर्क अभियान विधानसभा स्तर से लेकर मंडल स्तर तक चलाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि 8 जून से चलने वाले इस अभियान में सांसद को हर विधानसभा में एक-एक दिन और विधायकों को हर मंडल में एक-एक दिन याने 24 घंटे गुजारना होंगे। सांसद और विधायकों को मंडल में निवासरत प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवियों, समाज प्रमुखों, खेल प्रतिभाओं, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क साधना होगा। भाजपा ने कल भी वर्चुअल बैठक की, जिसमें नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा से लेकर नगर पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और प्रभारी, टोली सदस्य के साथ विशेष जनसम्पर्क अभियान की रणनीति बनाई गई। सांसद और विधायक को अपने-अपने सम्पर्क क्षेत्र में नाश्ता, खाना भी करना होगा।

इस अभियान में योग, देव दर्शन, स्वच्छता अभियान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करना होगा। विधायकों को मंडल क्षेत्र के खेल मैदानों में भी पहुंचना होगा।

# कमरे में छूटी चप्पल से खुला मर्डर का राज

## शराब पार्टी के बाद मोबाइल विवाद में दोस्त ने ही ली थी जान

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में ऋषिनगर में हुई एक युवक की संदेहास्पद मौत के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। शुरुआती जांच में जहां मामला सामान्य मौत या अत्यधिक शराब पीने का लग रहा था, वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल पर छूटी एक जोड़ी चप्पल के सुराग ने इसे हत्या के मामले में तब्दील कर दिया। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मृतक के ही एक दोस्त को गिरफ्तार किया है, जिसने मोबाइल विवाद के चलते इस वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार, गत 3 जून को ऋषिनगर के एक कमरे में 33 वर्षीय रोहित पिता गोपाल सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था। सूचना पर पहुंची बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआत में मौत की वजह साफ नहीं थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही पुलिस के होश उड़ गए। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि रोहित के सिर पर अंदरूनी गंभीर चोट के



निशान थे और उसके गले पर भी दबाव के साक्ष्य पाए गए थे। इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने साफ कर दिया कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि बेरहमी से की गई हत्या है। हत्या का मामला दर्ज होते ही बाणगंगा पुलिस की विशेष टीम ने घटनास्थल का दोबारा बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस को रोहित के कमरे में उसकी खुद की चप्पल के अलावा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की चप्पल पड़ी मिली। पुलिस ने इस चप्पल को एक अहम सुराग माना और मृतक रोहित के दोस्तों व करीबियों के बारे में जानकारी जुटाना शुरू की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस के निशाने पर रोहित का दोस्त देवेंद्र पिता संतराम निवासी दुर्गा नगर आया। मुखबिर तंत्र से पता चला कि घटना वाली रात देवेंद्र को रोहित के कमरे के आसपास देखा गया था। पुलिस ने संदेही देवेंद्र को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि घटना की रात वह और रोहित कमरे में एक साथ थे और दोनों ने मिलकर शराब पार्टी की थी। नशे की हालत में दोनों के बीच मोबाइल फोन को लेकर किसी बात पर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान तैश में आकर देवेंद्र ने रोहित को बुरी तरह पीटा और उसका गला दबाते हुए उसका सिर जोर से दीवार से टकरा दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण रोहित वहीं बेहोश होकर गिर गया। उसे मरा हुआ समझकर देवेंद्र घबरा गया और अपनी चप्पल वहीं भूलकर मौके से भाग निकला। बाणगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी देवेंद्र के इकबालिया बयान के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# विश्रामबाग की हरियाली के बीच पोहे की महक

## पोहा दिवस पर इस साल भी महापौर ने रखा आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** रणजीत हनुमान मंदिर रोड पर स्थित विश्रामबाग की हरियाली के बीच आज पोहे की महक आती रही। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इस साल भी पोहा दिवस अवसर पर वहां पोहा पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग वहां पहुंचे।

आज का दिन अंतरराष्ट्रीय पोहा दिवस का दिन है और इंदौरी पोहे तो पूरी दुनिया में अपनी एक अलग ही पहचान रखते हैं। इंदौरी लोगों का सुबह का नाश्ता यानी पोहा होता है। हमारे शहर में दूसरे शहर से जो भी लोग आते हैं वह भी इंदौर के पोहे का स्वाद लेकर उसके दीवाने हो जाते हैं। आज जब अंतरराष्ट्रीय पोहा दिवस है तो फिर इस पोहे का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है।

आज विश्व पोहा दिवस अवसर पर विश्रामबाग में इंदौरी पोहा, इंदौरी बात महापौर के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक स्वाद और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ पार्षद योगेश गेंदर, महापौर



प्रतिनिधि शैलू दवे, भावेश दवे एवं रमेश खत्री सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान योग मित्र अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा को लेकर योग के माध्यम से विशेष प्रस्तुति दी गई। आयोजन में शहर के प्रमुख पोहा निर्माताओं का महापौर द्वारा सम्मान भी किया गया। इस दौरान पोहा व्यवसाय से जुड़े लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे इंदौरी पोहा आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बना चुका है। भार्गव ने कहा कि इंदौर में पोहा केवल नाश्ते का व्यंजन नहीं बल्कि शहर की संस्कृति और पहचान है। उन्होंने कहा कि शहर में कई ऐसी दुकानें हैं जहां लोग दोपहर और देर रात तक पोहा खाने पहुंचते हैं। रात 3 बजे भी लोग पोहा खाने निकल पड़ते हैं यही इंदौर की खासियत है। महापौर ने कहा कि आज अमेरिका, इंग्लैंड सहित भारत के कई शहरों में इंदौरी पोहा की दुकानें दिखाई देती हैं लेकिन इंदौरी स्वाद और भाव को कोई पूरी तरह नहीं दोहरा सकता। उन्होंने कहा कि पोहा केवल स्वाद नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आर्थिक मजबूती का माध्यम भी है।

**उन्होंने भावुक अंदाज में कहा पोहा इंदौर का दिल है, तो सेव उसकी धड़कन-** महापौर ने छोटे व्यापारियों और पोहा विक्रेताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कई लोगों ने छोटी दुकानों से शुरुआत कर अपनी मेहनत से बड़ा मुकाम हासिल किया है, ऐसे लोगों का सम्मान समाज को प्रेरणा देने का कार्य करता है। महापौर ने जल संरक्षण को लेकर भी नागरिकों से अपील की, इंदौर में पानी की कमी नहीं है लेकिन वर्षा जल को जमीन में उतारना बेहद जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से रैन वाटर हार्वेस्टिंग और जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी आग्रह किया।

# टैंकर बढाए तो थम गया पानी के संकट का हल्ला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। नगर निगम द्वारा टैंकरों की संख्या बढ़ाने के साथ ही ज़ल संकट का हल्ला थम गया है। अब शहर में कहीं कोई धरना प्रदर्शन और चक्काजाम नहीं हो रहा है। पानी के मुद्दे को लेकर आक्रामक होने वाली कांग्रेस भी खामोश हो गई है।**

**अब नहीं हो रहा है कहीं कोई धरना, प्रदर्शन और चक्का जाम**

गर्मी के मौसम में इस साल सबसे ज्यादा आंदोलन हुए हैं। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों को साथ में लेकर कांग्रेस नेताओं ने कहीं धरना दिया तो कहीं चक्काजाम किया और मटका तो रोज ही फोड़ा गया। पिछले करीब 1 महीने से चल रहा यह सिलसिला अब थम गया है। इसके पीछे कारण यह है कि नगर निगम द्वारा घर-घर जल वितरण के लिए चलाए जाने वाले टैंकरों की संख्या में इजाफा कर दिया गया है। निगम ने पहले से चल रहे टैंकर में और 200 टैंकर बढ़ा दिए तथा कई स्थानों पर नए बोरिंग करते हुए टैंकर भरने के लिए नए हाइड्रेंट बना दिए।

नगर निगम अपर आयुक्त आशीषकुमार पाठक द्वारा की गई इस पहल का सार्थक नतीजा निकलकर सामने आ रहा है। इस नतीजे को सामने लाने के साथ ही उनके द्वारा समस्या वाले क्षेत्र के पार्षदों से व्यक्तिगत संवाद किया गया। इस संवाद में उनसे पूछा गया कि आखिर उनके क्षेत्र की जल समस्या का समाधान क्या है। इस समाधान के लिए नगर निगम द्वारा बहुत से क्षेत्र में नागरिकों के उपयोग के लिए भी बोरिंग करवा कर वहां पर मोटर लगाई गई। इस तरह एक तरफ जहां टैंकर की संख्या बढ़ा दी गई तो वहीं दूसरी तरफ टैंकर भरने के लिए हाइड्रेंट की संख्या भी बढ़ा दी गई और समानांतर रूप से नई बोरिंग भी करवा दिए गए।

इन सभी हालात का परिणाम यह निकला की शहर में पानी की समस्या का हल्ला बंद हो गया। अब कोई इस जल समस्या के बारे में बात नहीं कर रहा है। शहर की सड़कों पर सुबह से शाम तक नगर निगम के फ्री में जल वितरण करने वाले टैंकर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। पार्षदों द्वारा अपने क्षेत्र के समस्या ग्रस्त क्षेत्र में लोगों को राहत दे दी गई है। टैंकर के खर्चे को बढ़ाकर नगर निगम ने समस्या का समाधान कर दिया है।

# नगर निगम मुख्यालय में जर्जर भवन, नया निर्माण होगा इसीलिए पुराने पर ध्यान नहीं

## कर्मचारियों की बड़ी दहशत शहर में कार्यवाही लेकिन निगम में ही लापरवाही

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम ने बारिश के पूर्व शहर के जर्जर मकान की सूची बनाकर कार्रवाई शुरू कर दी और कल शनिवार को तीन जर्जर मकान तोड़े गए ताकि बारिश में कोई जनहानि नहीं हो। वहीं दूसरी और नगर निगम मुख्यालय की कई इमारतें जर्जर हो रही है जिनमें सुधार की सूध निगम के किसी अधिकारी ने नहीं ली, जबकि यहां कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालय समय में 8 से 10 घंटे कार्य करते हैं भवन पूरी तरह से जर्जर हो रहा है कर्मचारी को आशंका बनी हुई है कि बारिश में कोई दुर्घटना यहां नहीं हो जाए, वहीं दूसरी ओर निगम के जिम्मेदार इसको ठीक करने की वजह यह कहते हुए टाल रहे हैं कि जल्द ही नए भवन का निर्माण होगा और कार्यालय शिफ्ट कर दिया जाएगा इसी के चलते सुधार कार्य पर खर्च नहीं किया जा रहा है।

नगर निगम विधि विभाग की इमारत और इसके पास वाले कमरे पूरी तरह जर्जर स्थिति मैं आ गए हैं इस भवन की गैलरी की वॉल कभी भी गिर सकती है वॉल का प्लास्टर निकल चुका है और ईट के बीच से लोहे के सरिये भी निकल रहे हैं, जिससे सीमेंट की पकड़ छोड़ चुकी है, बाहर से देखने पर यह अंदेशा दिखाई देता है कि यह दीवार कहीं तेज हवा में नीचे ना आगे गिरे, यहां पर दिन भर लोगों की आवाजाही बनी रहती है, इसके अलावा परिषद सम्मेलन के दौरान भोजन का आयोजन भी इसी परिसर में किया जाता है। इसी के समीप नगर निगम का स्टोर विभाग है इस क्षेत्र में प्रतिदिन एक समय में 40 से 50 लोगों की उपस्थिति रहती है। कर्मचारियों का कहना है कि यहां से सभी बड़े अधिकारी गुजरते हैं इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय के मुख्य भवन अधिकारी भी प्रतिदिन कार्यालय में यहीं से आना-जाना करते हैं किसी को भी यह बड़ी लापरवाही दिखाई नहीं दे रही है जब इस भवन के संबंध में किसी को जानकारी दी जाती है या फिर मरम्मत के लिए मांग की जाती है तो अधिकारी का यही कहना रहता है कि जल्द ही कार्यालय नए भवन में शिफ्ट होने वाला है या भवन 4 से 6 माह में पूरा हो जाएगा और सभी कार्यालय यहां से शिफ्ट कर दिए जाएंगे इसके बाद खतरा नहीं रहेगा लेकिन वर्तमान में अभी बारिश का समय है 4 से 6 माह यहां पर काम करते हुए गुजरते हैं हर दिन 8 से 10 घंटे यहां रहते हैं बारिश के दौरान कभी भी हादसा हो सकता है। इस संबंध में जल्द ही नगर निगम आयुक्त के साथ कर्मचारी संगठन भवन सुधार की मांग करेंगे।

मामले में रिमूवल विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि निगम मुख्यालय के भवन अधिकारी द्वारा जो सूची जर्जर भवन की उपलब्ध करवाई गई है उसके अनुसार कार्रवाई की जा रही है लगभग 15 से 20 मकान चिन्हित किए गए हैं जो कि शहर के पुराने क्षेत्र में स्थित है निगम मुख्यालय के जर्जर भवन के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। यहां की जर्जर भवन सूची में शामिल नहीं है। वहीं दूसरी ओर बीते साल बारिश के दौरान नगर निगम में सालों पुराना कर्मचारी संगठन का जर्जर कार्यालय बारिश में गिर गया था। राजस्व विभाग की नई इमारत के ठीक सामने यह कार्यालय स्थित था इसी तरह कई पुराने भवन भी नगर निगम में मौजूद है, जिम कार्यालय संचालित किया जा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा पूरे शहर में जर्जर भवनों पर कार्रवाई की जा रही है लेकिन यहां अगर कार्रवाई नहीं की जा सकती है तो उक्त भवन की जर्जर स्थिति की मरम्मत की जा सकती है जिस तरह से गैलरी की दीवारें लटक रही है उनके सुधार कार्य किया जाना चाहिए।

# लक्ष्मी-नारायण विवाह का आयोजन





## आज कन्यादान में जो राशि मिलेगी उससे वनवासी बच्चों की होगी मदद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वनबंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्रायबल सोसायटी (एफटीएस) महिला समिति इंदौर की मेजबानी में दो दिवसीय लक्ष्मीनारायण विवाह का शुभारंभ कल बायपास रिसोर्ट पर युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य एवं रमेश माहेश्वरी के सानिध्य में किया गया। कल शुभारम्भ के पहले दिन के बाद आज दूसरे दिन भी लक्ष्मीनारायण विवाह कार्यक्रम जारी है। आज ठाकुरजी की बारात का आयोजन किया जा रहा है। आज के आयोजन कन्यादान में जो भी धनराशि मिलेगी वह सम्पूर्ण राशि वनवासी बच्चों पर मदद के रुप में लगाई जाएगी। कल कलशयात्रा के बाद तेल, पीठी, हल्दी, शाम को बत्तीसी, वीरा बधाई एवं मायरे की रस्म सम्पन्न हुई। संध्या को संभाग के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से आए स्कूली वनवासी बच्चों ने सनातन धर्म से संबंधित नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियां दी। सभी बच्चे एफटीएस महिला समिति द्वारा संचालित वनवासी अंचलों के स्कूलों से आए हैं, जो आज भी विवाह उत्सव में शामिल है। सीमा रणधर, मीना गर्ग, मीना जाजू, गीता मूंदड़ा, माधवी झंवर, विद्या मुछाल, उर्मिला सारडा, समता मूंदड़ा, ज्योति गर्ग, मुदिता झंवर, सुनिता जैन, शोभना जैन अपनी भूमिका कल के बाद आज भी निभा रही है।

# नीमा समाजजनों ने मनाया चुनरी मनोरथ और नौका विहार उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीमा धर्मशाला मालगंज पर श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा भागवत कथा के अन्तर्गत नीमा समाजजनों की मौजूदगी में चुनरी मनोरथ और नौका विहार उत्सव मनाया गया। व्यासपीठ का पूजन भी किया गया। आदित्य मुखिया के श्रीमुख से कल कृष्ण-सुदामा मैत्री प्रसंग की





व्याख्या भी हुई। दिलीप नीमा, वल्लभ नीमा, अनुराग नीमा, विपिन नीमा, विजय कोटावाला, राजेश नीमा, सत्यनारायण नीमा, सतीश नीमा, कमल नीमा, महेश नीमा, शम्भू नीमा, अजय नीमा मौजूद थे।

# मिट्टी की महत्ता को जानो पुस्तक का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कृषि महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय सभागार में 'मिट्टी की महत्ता को जानो' बुकलेट का विमोचन एवं पर्यावरण जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मिट्टी संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा सतत कृषि के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. अरुण डीक़े, डॉ. भरत सिंह,अभिलाष खांडेकर, देवकुमार वासुदेवन, रवि गुप्ता, अजय गढ़कर, डॉ. एस.एल. गर्ग, डॉ. ओ.पी. जोशी, संदीप खानविलकर, डॉ. दिलीप वागेला, स्वीटी शर्मा, डॉ. दिव्या भायल, डॉ. अंजली भार्गव, डॉ. सम्यक जैन, राजेंद्र सिंह, सुधीर सोनी, सिद्धार्थ महाजन, अशोक गोलाने ने अपनी भूमिका निभाई।



# ब्रह्मकुमारी संस्थान में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी के शिवशक्ति सरोवर, नेमावर रोड, इंदौर में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि जस्टिस बीडी राठी, प्रो. जीडी भिडे ने उदबोधन दिए। विका बहन, रेवती बहन, दुर्गा बहन, आशा बहन मौजूद थी।

# बौद्ध समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बौद्ध समाज द्वारा आज सामूहिक विवाह सम्मेलन डॉ. अम्बेडकर भवन, इन्दिरा नगर, पंचकुईया रोड, पर आयोजित किया जा रहा है। आज सुबह परित्राण पाठ के बाद चल समारोह निकाला गया। लग्न विधि कार्यक्रम शुरू होने वाला है और करीब 3.30 बजे बिदाई भी होगी। मुकुल वाघ ने उक्त जानकारी दी।

# जैन फेडरेशन का सेवा कार्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के स्थापना दिवस पर जेएसएसजी प्राइम इंदौर द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में 'मानव सेवा सभा' का आयोजन और उत्सव भी मनाया गया। यह भी बताया कि देशभर में 140 से अधिक ग्रुप्स हजारों परिवारों को संगठन, सेवा और संस्कारों से जोड़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्मुक्त आनंद आश्रम, गीता भवन, संजीवनी सेवा संगम एवं महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ को सहायता प्रदान की गई। स्थापना दिवस सेवा सप्ताह के अंतर्गत फेडरेशन से जुड़े देशभर के लगभग 140 सोशल ग्रुप्स द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवदया एवं सामाजिक क्षेत्र में एक करोड़ रुपये से अधिक के सेवा कार्य संपादित किए गए। राजेंद्र जैन, प्रकाश भटेवरा, पियूष जैन, नरेन्द्र संचेती, लोकेन्द्र सकलेचा, कमलेश कोठारी, नरेन्द्र भंडारी ने सम्बोधित किया।



# खाटू श्याम भागवत कथा होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री श्री खाटू श्याम धाम अंबिकापुर एरोड्रम रोड पर वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष में श्री खाटू श्याम भागवत कथा का आयोजन 20 से 24 जून तक स्वामी संजय प्रभाकर के श्रीमुख से जारी रहेगी। अन्य धार्मिक आयोजन भी होंगे। 24 जून को कथा समापन होगा। 25 जून को निर्जला एकादशी के उपलक्ष में, बाबा को छप्पन भोग, विशेष श्रृंगार, अभिषेक, खाटू श्याम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आपने इसके साथ-साथ आगे कहा है, श्री खाटू श्याम धाम पर,26 जून को भीम द्वादशी के उपलक्ष में दोपहर 11:30 बजे बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन, दोपहर में महिला मंडल द्वारा भजन किया जावेगा। और 26 जून सायकाल 7:30 बजे महा आरती एवं भजन संध्या के साथ-साथ चलित भंडारे का आयोजन रखा है। चिराग शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

# रामकथा का आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विमानतल मार्ग स्थित श्रीश्री विद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में भरत मिलाप एवं वनवास काल के अन्य प्रसंगों की व्याख्या राहुल कृष्ण शास्त्री ने की।

# रुकमणि विवाह प्रसंग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रीराम मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान रुकमणि विवाह के प्रसंग में बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बच्चों ने राधा रानी और माता रुक्मणी का रूप धरा। व्यासपीठ का पूजन भी किया गया। आशुतोष शर्मा और महेश शर्मा आयोजन से जुडे हुए है।





# मंदिर में रक्तदान शिविर आज भी जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री खजराना गणेश मंदिर परिसर में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं मानवता की पहचान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रक्तदान शिविर का शुभारंभ कल उद्योगपति और समाजसेवी विनोद अग्रवाल, सांसद शंकर लालवानी ने किया। कल के बाद रक्तदान शिविर आज भी मंदिर परिसर में लगा।

# 40 साल बाद पूर्व छात्रों का मिलन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मसीह कन्या विद्यालय एवं डायलिसिस स्कूल 40 वर्ष पुराने से लेकर 25 वर्ष पुराने तक के पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। सभी ने पुरानी यादें ताजा की। जयवंत कटारा, सुरेश कारटन, परसराम वर्मा, विजयलक्ष्मी अनिल गौहर की विशेष मौजूदगी रही। रुपेश सिंह, प्रेमलाल वर्मा बब्बू, सीमा वर्मा, सुहासिनी सिंह, स्वप्निल सालोमन, सुरेश वर्मा, राजेन्द्र चौधरी, प्रियंका मसीही, प्रीति सोलंकी, ओशीन फिलीप सहित अन्य पुराने छात्र ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।








# माहेश्वरी ग्रामीण जिला के निर्वाचन में अध्यक्ष गिरधर शारदा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर ग्रामीण जिला माहेश्वरी सभा के सत्र 2026-2029 के निर्विरोध निर्वाचन चुनाव अधिकारी पवन माहेश्वरी और चंद्रप्रकाश लड्डा, पर्यवेक्षक विजय भांगडिया की मौजूदगी में बेटमा स्थित गार्डन में किए गए। सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। अध्यक्ष गिरधर शारदा, सचिव डॉ. गुंजन बाहेती, महासभा सदस्य श्रीराम तोतला,प्रदेश कार्यसमिति में नरेश माहेश्वरी और प्रदेश कार्यकारी मंडल में महेश जाजू, राधेश्याम अजमेरा, सतीश राठी, गोपाल अजमेरा एवं उपाध्यक्ष पद पर पंकज मंत्री, सचिन माहेश्वरी, विमल बियाणी, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल बांगड, संगठन मंत्री दिनेश भंडारी, सहसचिव केदार परवाल, अरुण चिंचाणी, रौनक मालपानी, प्रचार मंत्री अरुण तोषनीवाल, सांस्कृतिक मंत्री अशोक माहेश्वरी बनाए गए। माहेश्वरी समाजजनों ने गिरधर शारदा सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।





# श्रीगोवर्धननाथजी मंदिर में गोवर्धनलीला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यशवंतगंज स्थित श्री गोवर्धननाथजी मंदिर में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव पुरुषोत्तम मास में सतीश शास्त्री के श्रीमुख से की जा रही है। 8 जून तक चलने वाली इस कथा में कल भगवान श्रीकृष्ण की 'गोवर्धन लीला' के माहात्म्य का मार्मिक चित्रण किया। वैष्णवजनों ने प्रभु के जयकारे गुंजाए और कीर्तन भी किए। जयकृष्ण नीमा, नीलेश नीमा, मनोज नागर, सुरेश ठाव, डीडी महाजन ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# यातायात जागरूकता अभियान में भरवाएंगे संकल्प पत्र

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव एवं विभिन्न चौराहों पर एवं शहर में जगह जगह लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा विशेष जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शहर के प्रमुख चौराहों पर नागरिकों से यातायात नियमों के पालन हेतु संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करना तथा शहर को व्यवस्थित एवं जाम मुक्त बनाने में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन शैलेश त्रिपाठी एवं हिमांशु यादव के नेतृत्व में किया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को गलत दिशा में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात संकेतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## गिटार प्रशिक्षण शिविर लगेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस क्लब के सदस्यों एवं मीडियाकर्मियों के बच्चों के लिए 15 दिवसीय निःशुल्क गिटार प्रशिक्षण शिविर 10 से 25 जून तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में 10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 10 को क्लब के अशोक गौड से मिलकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता ह। दीपक कर्दम, संदीप जोशी ने उक्त जानकारी दी।



# तकनीकी कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र.वि.मं. तकनीकी कर्मचारी संघ ने ऊर्जा परिसर पोलोग्राउण्ड विद्युत मंडल पर प्रदर्शन किया। तकनीकी संविदा कर्मचारी विनियमित आउटसोर्स कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की गंभीर समस्याओं को लेकर कंपनी प्रशासन की हठधर्मिता के कारण एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। असमान वेतन, उपादान भुगतान, कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याएं, वेतन विसंगतिया को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। रामकेवल यादव, श्यामलाल यादव, राकेश अलावा, प्रदीप द्विवेदी, मिलन चौकसे, रामकिशोर नगपुरे, रतिपाल यादव, राजेश काले, देवेन्द्र बैस, देवेन्द्र जोशी, रवि शंकर अवस्थी, गजेन्द्र चौहान, विनोद लोहार, यशवंत यादव, शुभम सिंह, शंकर यादव, राधाकिशन डाबी, धर्मेन्द्र मालवीय, कुणाल सोलंकी, राजेश वर्मा, दिनेश पाल, यशवंत राठौर, अशोक देवकर उपस्थित थे।



# गीत-संगीत कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म्युज टेंपल फ्रेंड्स क्लब ने प्रीतमलाल दुआ सभागृह में 51 गीतों की प्रस्तुति का आयोजन कराया। बाबू राजोरिया सहित अन्य ने प्रस्तुतियां दी। अन्नू शर्मा, दीपेश जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# ग्रीन पार्क में बिजली कटौती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार रोड स्थित ग्रीन पार्क कालोनी में देर रात बिजली कटौती से अंधेरा रहा। सामाजिक कार्यकर्ता सादिक खान ने बताया कि गुमाश्ता नगर विद्युत मंडल झोन के अन्तर्गत आने वाले ग्रीन पार्क में आए दिन बिजली गुल होती है। खान ने बताया कि झोनल कार्यालय पर मौजूद कर्मचारी फोन भी नहीं उठाते हैं और रात में रहवासी बिजली बंद होने से पंखा भी नहीं चला पाते हैं, पहले से ही क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप है, इतना मेंटेनेंस करने के बावजूद विद्युत कटौती हो रही है। जल्द ग्रीन पार्क में विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो आन्दोलन की चेतावनी भी दी गई है।

# खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता का आयोजन आज शाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आज 7 जून को केंद्र सरकार एवं म.प्र सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा हेतु जन-जागरण और प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर शासन के आह्वान पर एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश और यारी क्वालिटी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आज शाम 4 से 7 बजे तक तुलसी नगर होटल में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता से संबंधित आयोजन होगा। मंत्री नारायणसिंह कुशवाह अतिथि होंगे वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, विधायक मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।





# 'सुरों का कारवां' के लिए भगवान को निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महेश नवमी को लेकर माहेश्वरी समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा आगामी दिनों अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में माहेश्वरी संस्कृति द्वारा 14 जून को सुरों का कारवां कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आज बड़े गणपति एवं रणजीत हनुमान पर भगवान को निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

## राठौर समाजजनों ने लिया धार्मिक आयोजन का लुत्फ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री सकल पंच राठौर समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा में हरीश विजयवर्गीय, राजेश शुक्ला, उमेश हाडा, प्रताप राठोर, संजय चौहान ने व्यासपीठ का पूजन किया। अतिथियों का स्वागत भी किया गया।



# अरोड़ का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हरियाणा के करनाल में एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया का सेमिनार आयोजित हुआ। इसमें अदाकार रजा मुराद, वर्षा उसगांवकर की मौजूदगी में इंदौर के संजय अरोड़ा को सत्यमेव जयते अवार्ड से नवाजा गया। नरेन्द्र अरोड़ा, डॉ. सुमित आनंद मौजूद रहे।



# महिलाओं को स्वास्थ्य सामग्री

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री जगन्नाथ स्वामी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी संघ ट्रस्ट द्वारा अखिल भारतीय कोली समाज एवं श्री महावर कोली समाज वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से 1100 जरूरतमंद महिलाओं को स्वास्थ्य सामग्री का वितरण महावर नगर में किया गया। उक्त जानकारी प्रकाश महावर कोली ने दी।

# कल मंच ने की व्याख्यानमाला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुशीला कला मंच द्वारा आयोजित शोभा कुटुंबले स्मृति में व्याख्यानमाला का आयोजन जाल सभागृह में किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज पर भी उद्बोधन दिए। विक्रमसिंह मोहिते, श्रीनिवास कुटुंबले, डॉ. ओपिन्दर धर, दिलीप कवठेकर, नरेंद्र सिंघल, आशुतोष कुटुंबले, आकांक्षा कुटुंबले, चंद्रकांत भालेराव, विजय रोड़े, अनुषा कुटुंबले, उदयराजे होलकर, अरविंद तिवारी, रामेश्वर गुप्ता, अश्विन खरे, प्रवीण जोशी, अजीतसिंह नारंग, अशोक कोठारी, आलोक खरे उपस्थित थे।



## पेनकैक सिलाट टूर्नामेंट में 120 खिलाड़ी




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वीजी विंग्स द्वारा मॉल में आयोजित पेनकैक सिलाट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 120 से अधिक खिलाड़ियों जो अलग-अलग आयु वर्ग के थे उन्होंने शिरकत की। मार्शल आर्ट्स का भी इन खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण लिया।

## शोक संदेश



मेरी माताजी एवं स्व. शंभुदयालजी की धर्मपत्नी **श्री शकुंतला देवी वर्मा** का श्रीजी शरण आज दिनांक 07/06/2026 को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा प्रजापत नगर निज निवास से दोपहर 12 बजे पंचकुइया मुक्तिधाम जावेगी।

**शोकाकुल- संजय वर्मा**

# मेंदोला के क्षेत्र में सडक बनाने के लिए निगम ने ठेकेदार की तलाश में छठी बार की निविदा जारी

## 1 करोड़ 80 लाख लागत वाली सड़क के लिए पांच बार प्रयास के बाद भी नहीं मिल रहा ठेकेदार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा दो के अंतर्गत खातीपुरा मेनरोड पर भाजपा नेता रोहित चौधरी के घर के सामने से लेकर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के घर तक बनने वाली मुख्य सड़क के लिए निगम ने अपनी ओर से लंबे समय से तैयारी कर रखी है। लेकिन हालत यह है कि लगातार पांच बार प्रयास के बाद भी एक करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाली सीमेंटेड सड़क निर्माण के लिए निगम को कोई ठेकेदार नहीं मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत खातीपुरा क्षेत्र में मेंन रोड़ को भीतर की कालोनियो से जोड़ने वाली मुख्य सड़क चौड़ीकरण और निर्माण को लेकर निगम द्वारा अब छठी बार निविदा जारी की है। जिसके अन्तर्गत 1 करोड़ 80 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से निगम को क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लंबी-चौड़ी नई सीमेंटेड सड़क का नवनिर्माण करवाना है। जिससे क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को भविष्य में इसका सीधा फायदा मिले।

**विधायक के प्रयासों से इसी साल मिली सड़क निर्माण को मंजूरी -** बड़ी बात यह है कि विधानसभा दो के विधायक रमेश मेंदोला के लगातार प्रयासों के बाद क्षेत्र की जनता को सौगात के रूप में वार्ड क्रमांक 20 के अंतर्गत खातीपुरा मेनरोड पर भाजपा नेता रोहित चौधरी के घर के सामने से लेकर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के घर के सामने तक भीतर तक जुड़ने वाली क्षेत्र की मुख्य सड़क बनाई जाना है। जिसके लिए निगम के अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया के बाद वर्तमान में हालात यह है कि पांच बार प्रयास के बाद भी कोई यहां का काम लेने को तैयार नहीं है। इसीलिए निगम द्वारा रहवासियों की लगातार मांग के बाद छठी बार प्रयास करते हुए एक बार फिर यहां सड़क निर्माण को लेकर निविदा जारी की है, और अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत इसी माह में 15 जून के बाद निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगर किसी ठेकेदार द्वारा यहां के काम में रुचि ली जाती है तो उम्मीद है कि जल्द यहां खातीपुरा मेनरोड पर नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसका फायदा क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में मिलेगा।

# कालका माता मंदिर से सिटी स्टार स्कूल तक मिलेंगी कीचड़ और गड्ढों से मुक्ति

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा एक के अंतर्गत नगीन नगर क्षेत्र में कालका माता मंदिर से सिटी स्टार स्कूल तक क्षेत्र के रहवासियों और बच्चों को कीचड़ और ऊबड़ - खाबड़ हो रही सड़क से गड्ढों से भी मुक्ति मिलने की तैयारी है। जिसके अंतर्गत आने वाले दिनों में बेहद जल्द यहां निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर मंदिर जाने वाले तक की राह आने वाले दिनों में बेहद आसान हो जाएगी। खास बात यह है कि इस क्षेत्र में दो तीन माह पहले ड्रेनेज लाइन और नर्मदा लाइन डालने के कारण खुदाई से क्षेत्र की पूरी सड़क लंबे समय जगह-जगह खुदाई से पूरी तरह से खराब हो गई थी। यही नहीं क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से निगम अधिकारियों और क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों से सड़क सुधार और नई सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर निगम अधिकारियों ने यहां की फाइल मंजूरी के बाद सड़क निर्माण का कार्य निविदा जारी कर जल्द शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत अगले माह में बेहद जल्द यहां नई सिमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे स्कूल जाने वाले छात्रों और मंदिर जाने वाले भक्तों को नई सड़क की सौगात से राह आसान होगी।

# रतलाम मंडल ने माल लदान में रचा नया इतिहास

# 16.56 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ रतलाम मंडल देश के अग्रणी मंडलों में हुआ शामिल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्री सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ अब माल परिवहन के क्षेत्र में भी लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक दो महीनों में मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय रेल के प्रमुख मंडलों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंडल के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, परिचालन उत्कृष्टता तथा ग्राहक सेवा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण रतलाम मंडल माल परिवहन के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है।

पिछले दिनों मई माह के दौरान रतलाम मंडल द्वारा कुल 1.91 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम दो माह, अप्रैल एवं मई 2026 में मंडल द्वारा कुल 3.51 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.56 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है।

**सीमेंट और खाद्यान पदार्थो की लोडिंग में मिली ऐतिहासिक सफलता-** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जन संपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार भारतीय रेल के उन



मंडलों में, जहाँ वार्षिक माल लदान एक मिलियन टन अथवा उससे अधिक है, रतलाम मंडल ने 16.56 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज कर देश के सर्वाधिक तेजी से प्रगति करने वाले मंडलों में अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि मंडल की सुव्यवस्थित कार्ययोजना, परिचालन दक्षता तथा ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का परिणाम है। माल लदान में हुई इस उल्लेखनीय वृद्धि में विभिन्न वस्तुओं की लोडिंग में दर्ज वृद्धि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पेट्रोलियम, ऑयल एवं लुब्रिकेंट की लोडिंग में 238.68 प्रतिशत तथा खाद्यान्न लोडिंग में 105.81 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त सीमेंट, क्लिंकर एवं अन्य विविध वस्तुओं की लोडिंग में भी निरंतर बढ़ोतरी हुई है, जिससे मंडल के माल राजस्व एवं समग्र लदान प्रदर्शन को नई गति मिली है।

रतलाम मंडल द्वारा माल ग्राहकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने, गुड्स शेड्स के आधुनिकीकरण, मालगाड़ियों के त्वरित एवं सुचारु परिचालन तथा उद्योगों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप अधिकाधिक ग्राहक रेल परिवहन को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे माल लदान में निरंतर वृद्धि हो रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आगामी महीनों में भी विभिन्न वस्तुओं की लोडिंग में वृद्धि की व्यापक संभावनाएँ हैं। इस दिशा में मंडल द्वारा वर्तमान ग्राहकों को और बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के साथ-साथ नई लोडिंग संभावनाओं के विकास हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। रतलाम मंडल का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल पश्चिम रेलवे बल्कि भारतीय रेल की माल परिवहन क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को भी नई मजबूती प्रदान कर रहा है।

# विजय डोंगले बने उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ सचिव

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ की कल नियुक्तियां की गई। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी की अनुशंसा पर धार के विजय डोंगले को प्रदेश सचिव बनाया गया है। वहीं संदीप रघुवंशी निवासी पीथमपुर को धार जिला का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# पूर्वी रिंग रोड के ग्रीन बेल्ट में अब कब्जों की बजाय दिखने लगे सौंदर्यीकरण के काम

## नई बैंचों के साथ बैठक व्यवस्था का मिल रहा लोगों को लाभ



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पूर्वी रिंग रोड पर ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और निगम के प्रयास से अब अवैध कब्जों की बजाय ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में अब हरियाली और सौंदर्यीकरण के काम नजर आने लगे है। जिसका फायदा रिंग रोड से लगे सर्विस रोड के के आसपास रहने वाले रहवासी परिवारों और क्षेत्र के व्यापारी बंधु और दुकानदारों को मिल रहा है। शानदार बैठक व्यवस्था और आसपास सैकड़ों पेड़ - पौधों की जबरदस्त हरियाली यहां बैठने वालों एक तरफ जहां भीषण गर्मी से राहत और पेड़ों की छांव सुकून भी दे रही है। जबकि इससे पहले रिंग रोड़ पर जहां भी नजर क़रो ग्रीन बेल्ट के हिस्सों में हरियाली के उजाड़ कर कहीं मंदिर तो कहीं अवैध कब्जे कर गुमटियां और दुकानें नजर आती है।

**अब बदलने लगा ग्रीन बेल्ट का नजारा-** वहीं अब बड़ी बात यह है कि एक तरफ शकुंतला हॉस्पिटल के सामने से लेकर गोयल विहार कॉलोनी के सामने स्थित पूर्वी रिंग रोड के ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत के प्रयासों से शानदार बगीचा तैयार हो गया है। दूसरी ओर किसी के दूसरे हिस्से में भी आने वाले दिनों में डेढ़ करोड़ की लागत से ग्रीन बेल्ट में एक और नया बगीचा तैयार होने वाला है जहां बैठक व्यवस्था के साथ हरियाली पेड़-पौधे और उजाले के लिए लाइटिंग लगाने के साथ बगीचे में रहवासियों के जिम के उपकरण से लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए झुले चकरी और फिसल पट्टी सहित सब कुछ होगा। जिससे लोगों को सेहत बनाने के लिए जिम का सामान और सुबह-शाम घूमने के लिए लंबा चौड़ा नए पाथ-वे की सौगात भी मिलेगी। इधर, तीन इमली चौराहे से स्कीम 94 पानी की टंकी की और आने वाली सर्विस रोड पर निगम द्वारा ग्रीन बेल्ट के बड़े हिस्से में हरियाली और ग्रीनरी के लिए शानदार पेड़ पौधों के बीच क्षेत्र के रहवासियों के लिए 10 से 12 नई बेंच लगाकर शानदार बैठक व्यवस्था की है। जिसका लाभ क्षेत्र के रहवासियों के साथ अस्पताल के सामने होने से मरीज के परिजन भी इसका लाभ ले रहे है।

# नालंदा परिसर में ब्लॉक नंबर 1 से 2 तक सभी गलियों में अब लंबे समय बाद होगी नई सड़कें तैयार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत बिजलपुर क्षेत्र के नालंदा परिसर में ब्लॉक नंबर 1 से लेकर दो तक करीब आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी सड़कों की बजाय अब निगम क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश आर्य के प्रयासों से नई सीमेंटेड सड़कों का नवनिर्माण करने जा रहा है। यही नहीं इस कार्य के लिए इंदौर नगर निगम द्वारा बकायदा टेंडर संबंधित निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा वार्ड की पॉश कालोनी नालंदा परिसर में 44 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर क्षेत्र के रहवासी परिवारों के लिए नई सीमेंटेड सड़कों की सौगात देने की तैयारी है।

## विधायक और पार्षद से महीनों से कर रहें थे क्षेत्र के लोग मांग

यही नहीं बिजलपुर क्षेत्र की पॉश कालोनी नालंदा परिसर के लोग लंबे समय से क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और पार्षद ओमप्रकाश आर्य से लोग लगातार मांग कर रहे थे कि अब जल्द से जल्द हमारे क्षेत्र में महीनों से अलग-अलग कारणों से क्षतिग्रस्त पड़ी सालों पुरानी सड़क के बजाय अब नई सीमेंटेड सड़क तैयार करवाई जाए। जिसको लेकर पार्षद ओपी आर्य द्वारा लगातार प्रयास के बाद अब बीजलपुर क्षेत्र के नालंदा परिसर में ब्लॉक एक और दो से जुड़ी आधा दर्जन गलियों में मानसून सीजन में नई सड़क निर्माण कर सौगात देने की तैयारी है। जिससे लोगों को आने वाले दिनों में लोगों को क्षेत्र में कीचड़ और गंदगी से मुक्ति मिलेगी।

## संपादकीय

# संघर्ष की छाया से बाहर नहीं निकल पा रहा मणिपुर, शांति के दावों के बीच कायम संकट

मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। मणिपुर में सरकार के तमाम दावों के बावजूद हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। सामुदायिक संघर्ष, उग्रवादी संगठनों की बढ़ती सक्रियता और सुरक्षाबलों की उदासीनता से राज्य में कानून-व्यवस्था फिर से पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। ऐसे में शांति कायम करने की दिशा में राजनीतिक इच्छाशक्ति, गंभीरता और संवेदनशीलता का अभाव भी साफ नजर आता है। यही वजह है कि राज्य में उग्रवादियों के लक्षित हमले, आमजन को बंधक बनाने, निर्दोष लोगों की हत्या करने, आगजनी और इन वारदातों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। शुक्रवार को भी कांगपोकपी जिले में एक गांव पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और गोलीबारी में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि आखिर हिंसा की यह चिंगारी अंदर ही अंदर क्यों सुलगती जा रही है? दरअसल, यह सिर्फ कानून-व्यवस्था की ही समस्या नहीं है, बल्कि आम लोगों में पनप रहा अविश्वास और असुरक्षा की भावना भी इसकी बड़ी वजह है। गौरतलब है कि मणिपुर बीते तीन साल से भी अधिक समय से जातीय हिंसा का दंश झेल रहा है, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस बीच राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हालात पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए गए, लेकिन अपेक्षित नतीजे सामने नहीं आए। हालांकि, पिछले कुछ समय में राज्य में हिंसक घटनाओं में कमी देखी गई, लेकिन इन पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। राज्य सरकार का दावा है कि हिंसक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं। यह बात सच है कि केवल सामाजिक मतभेद इतने लंबे समय तक हिंसा को जीवित नहीं रख सकते। असली समस्या तब पैदा होती है जब लोगों का सरकार और प्रशासन पर भरोसा टूटने लगता है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि राज्य में उग्रवादी समूहों पर कड़ी नजर रखी जाए, हिंसक घटनाओं में तत्काल कार्रवाई की जाए और आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए सरकार स्थायी समाधान तलाशने का प्रयास करे।

# फोटो खींचने पर विवाद, पिता-पुत्र से मारपीट

## घर लौटने पर फोन पर मिलने लगी धमकियां

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में फोटो खींचने की बात को लेकर कुछ बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति और उसके बेटे के साथ गाली-गलौच और मारपीट की गई। इतना ही नहीं, पीड़ित जब घर लौटा तो आरोपियों ने फोन पर भी उसे लगातार गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, एम.आई.जी. कॉलोनी निवासी फरियादी सुभाष खमरोला पिता बद्रीलाल खमरोला का सुखलिया निवासी ओमप्रकाश माली और गौरीनगर निवासी कीरत नरवरिया से फोटो खींचने की बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दोनों आरोपी सुभाष को गालियां देने लगे, जब सुभाष ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनके बेटे उज्जवल के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।बदमाशों के डर से सुभाष अपने बेटे को लेकर तुरंत घर वापस आ गए लेकिन कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से लगातार फोन आने लगे। जब सुभाष ने कॉल उठाई, तो फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उसी दिन की फोटो खींचने की बात का जिक्र करते हुए कहा, तुमने कैमरे वाले को थप्पड़ क्यों मारा था इसके बाद उसने सुभाष को दोबारा गालियां देना और अंजाम भुगतने की धमकी देना शुरू कर दिया।परेशान होकर पीड़ित सुभाष बाणगंगा थाने पहुंचे और आपबीती सुनाई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी ओमप्रकाश माली, कीरत नरवरिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# वर्षा जल संचयन के लिए चलाएंगे जनजागरण अभियान

**इंदौर।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति,इंदौर एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि इंदौर विभाग द्वारा जल संवर्धन तथा भूजल समृद्ध बनाने के उद्देश्य से जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। समिति के सचिव राकेश कुमार यादव ने बताया कि इंदौर वाटर रिचार्ज मिशन के अंतर्गत वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की इंदौर विभाग टोली व वर्षा जल संचयन के विशेषज्ञों के साथ शनिवार को सुदर्शन भवन पंत वैद्य कॉलोनी में हुई। इस बैठक में जल पुनर्भरण के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ, तकनीकी संस्थाएँ एवं सेवा प्रदाता आदि ने रेनवॉटर हार्वेस्टिंग एवं भूजल पुनर्भरण प्रणालियों की जानकारी दी।इस कार्य की पद्धति समझाई तथा तकनीकी बारिकियां साझा की। बैठक में वर्षा जल को सहेजने, संरक्षित व सुरक्षित बनाने के लिए इंदौर में वृहद जनजागरण अभियान को लेकर योजना बनाई। जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

# व्यापारी की कार के आगे गिरने का नाटक कर उड़ाया दस्तावेजों और नकदी से भरा बैग

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के तीन इमली ब्रिज पर बदमाशों ने ठक-ठक गैंग की तर्ज पर एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने एक कपड़ा व्यापारी की फॉर्च्यूनर कार के आगे एक्सीडेंट का नाटक कर उन्हें रोका और ध्यान भटकाकर सीट पर रखा जरूरी दस्तावेजों और नकदी से भरा बैग उड़ा लिया। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मनोजकुमार जैन पिता राजमल जैन निवासी शिवमोती नगर, नवलखा का नेमावर रोड, पालदा के पास ऑफिस है। बीती रात वे अपनी फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी-09 सीएक्स 6258 से ऑफिस से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे तीन इमली ब्रिज पर पहुँचे, अचानक एक अज्ञात युवक उनकी कार के आगे आकर गिर गया। युवक को कार के आगे गिरा देख मनोज जैन ने तुरंत गाड़ी रोक दी। इसी दौरान दो अन्य अज्ञात युवक भी वहाँ पहुँच गए। मनोज ने स्थिति जानने और बात करने के लिए जैसे ही अपनी कार की खिड़की का कांच नीचे किया, बदमाशों ने पलक झपकते ही कार की सीट पर रखा काले रंग का बैग उठा लिया और रफूचक्कर हो गए। पीड़ित के मुताबिक, बैग में उनके ऑफिस के बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज और नकदी रुपये रखे हुए थे। सरेराह हुई इस वारदात के बाद पीड़ित व्यापारी तुरंत भंवरकुआं थाने पहुंचे और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की एक टीम तीन इमली ब्रिज और नेमावर रोड के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के भागने के रूट और उनकी पहचान का पता लगाया जा सके।

# देर रात सड़कों पर उतरा भारी पुलिस फोर्स

## कॉम्बिंग गश्त में 1348 बदमाश चेक, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 220 ड्राइवरों पर केस

**इंदौर।** शहर में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने बीती देर रात एक बड़ी और औचक कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस आयुक्त संतोषकुमार सिंह के निर्देशों पर शहर के चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने भारी पुलिसबल के साथ सरप्राइज चैकिंग और कॉम्बिंग गश्त की। देर रात से सुबह तक चली इस विशेष मुहिम में पुलिस ने कुल 1348 गुंडे-बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 652 के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई। इस दौरान फरार वारंटियों को दबोचा गया और नशेड़ियों व अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ा प्रहार किया गया।

महाभियान के दौरान इंदौर पुलिस ने विभिन्न थानों के गंभीर मामलों में लंबे समय से वांछित और फरार चल रहे कुल 257 से ज्यादा वारंटों की तामीली कराई। इनमें 100 स्थाई वारंटी, 72 गिरफ्तारी वारंटी और 85 जमानती वारंटी शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने ढूंढकर सलाखों के पीछे पहुंचाया। इसके साथ ही 140 समंस भी तामील कराए गए। अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सदर बाजार, लसुड़िया, बाणगंगा और सराफा पुलिस ने पृथक-पृथक कार्रवाई करते हुए एक-एक धारदार चाकू के साथ कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।





### थानों में भरवाए डोजियर, दी आखिरी चेतावनी

सक्रिय और आदतन अपराधियों को सीधे थानों पर तलब किया गया। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कुल 145 बदमाशों व असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। वहीं गंभीर मामलों के अपराधियों को थाने बुलाकर उनके डोजियर भरवाए गए। पुलिस ने सभी अपराधियों की उंगलियों के निशान और वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दर्ज कर उन्हें सख्त लहजे में हिदायत दी कि यदि भविष्य में उनकी किसी भी प्रकार के अपराध या अवैधानिक गतिविधि में संलिप्तता पाई गई, तो उनके खिलाफ रासुका और जिलाबदर जैसी बेहद सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के साथ ही आम नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।

### नशेड़ी वाहन चालकों पर शिकंजा

सड़क हादसों को रोकने और हुड़दंगियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस ने चौराहों पर ब्रीथ एनालाइजर के साथ चेकिंग पॉइंट लगाए थे। इस दौरान शराब पीकर लापरवाही से वाहन चलाने वाले 220 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जिनके खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वाले लोगों के खिलाफ 23 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि प्रतिबंधित मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 3 आरोपियों को रंगेहाथ पकड़कर कार्रवाई की गई।

हॉटस्पॉट इलाकों में ड्रोन से निगरानी, 703 से ज्यादा अपराधियों की कुंडली खंगाली

पुलिस ने संवेदनशील, शैडो एरिया और क्राइम हॉटस्पॉट वाले इलाकों में आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन पेट्रोलिंग के जरिए चेकिंग व निगरानी की। पैदल भ्रमण करते हुए पुलिस टीमों ने क्षेत्रों के कुख्यात और आदतन अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान करीब 703 से ज्यादा शातिर बदमाशों का रिकॉर्ड खंगाला गया, जिनमें 283 गुंडे-बदमाश, 74 नकबजन , 43 लुटेरे, 102 चाकूबाज, 139 निगरानीशुदा बदमाश और 62 जिलाबदर व रासुका के तहत प्रतिबंधित अपराधी शामिल रहे। इनके अलावा महिला संबंधी अपराधों, वाहनों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं में संलिप्त रहने वाले संदिग्धों को भी चेक किया गया।

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने वाले विभागों पर नया विभाग बने-कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में मप्र में भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करने वाले संगठन लोकायुक्त एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के खिलाफ कार्यवाही खातिर क्या सरकार नया विभाग बनायेंगी। मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार की रोकथाम तथा आर्थिक अनियमिताओं की रोकथाम खातिर जो संगठन बनाए गए थे अब भाजपा सरकार में वे संगठन की दागदार हो चले हैं और अब मांग उठने लगी है कि इन पर कार्यवाही करने खातिर क्या सरकार नया संगठन बनायेगी। द्विवेदी ने सीधे तौर पर सवालिया निशान खड़े करते हुए आरोप लगाया कि जिस संगठन के मुखिया पर ही भ्रष्टाचार क़ा आरोप लगते है जिस संगठन के वित्त विभाग के अधिकारियों पर विभागीय अधिकारियों पर आरोप लगते हो लोकायुक्त संगठन में नियुक्ति सिफारिश आधार पर हो आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को खुद की सीमा एवं अधिकार का पता ना हो वे संगठन अपनी उपयोगिता खो चुके हो सरकार जिसे अधिकार विहिन करते हुए लगातार नियमों में बदलाव करती हो क्या अब समय आ चुका है कि संगठन समाप्त किया जाए। भोपाल जैसी महत्वपूर्ण जगह पर मतलब मप्र की राजधानी में जो कारनामा उजागर हुआ वह इसका सबत है।

लोकायुक्त संगठन पहले तो छोटी-मोटी कार्यवाही दिखावटी करता है और फिर खेल भी होता है कांग्रेस आरोप लगाती रही कि अब लोकायुक्त संगठन एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के कानून में समयानुसार बदलाव हो या समाप्त करके नया कानून एवं सक्षम जांच एजेंसी लाई जाए वो सलाह सही साबित हो रही है। बड़ी बड़ी मछलियां खुब भृष्टाचार में डुबी हुई है, छोटी मछलियों का शिकार भी भ्रष्टाचार में डुबकी लगाकर किया जाता है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री तक मामले दर्ज किए जाते रहे भाजपा में 13 मंत्रियों को बचाया गया और तो और तात्कालिक लोकायुक्त संगठन मुखिया तक पर आरोप लगे, हालात यह है कि पुलिस विभाग के सबसे बड़े दागदारों की शरण स्थली बन चुका है और पनाहगार भ्रष्टाचारियों का मप्र की सरकार आईना देखें और मीडिया ने जो सच्चाई बताई वो देखें साथ ही सरकारी आंकड़े तथा हकीकत भ्रष्टाचार की कैग रिपोर्ट भी देखें जो सिद्ध करती है कि मप्र पनाहगार एवं शरण स्थली है भ्रष्टों की तथा भ्रष्टाचार की। उक्त पूर्ण जानकारी आरोप के साथ प्रमोद द्विवेदी ने दी।

# भोजशाला मे प्रकट हुई अष्टधातु की माँ वाग्देवी की प्रतिमा, प्रशासन ने हटवाई...

## हिन्दू समाज में हर्ष, पूजन और आरती हुई...

**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजा भोज द्वारा निर्मित करवाया गया धार में स्थित ऐतिहासिक और पौराणिक माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला मे शनिवार को तकरीबन 4 बजे के आसपास माँ सरस्वती वाग्देवी की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा गर्भगृह में अचानक दिखाई दी, जैसे ही यह खबर फैली, बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु और संगठन परिसर पहुंचे, उन्होंने प्रतिदिन की तरह प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा और महाआरती की एंव प्रसादी का वितरण किया। एकाएक प्रकट हुई प्रतिमा की सुचना मिलते ही बड़ी संख्या मे हिंदूवादी भोजशाला मंदिर पहुँचे, प्रतिमा की जानकारी मिलते ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और



जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची,सुरक्षा कारणों और नियमों का हवाला देते हुए प्रशासन ने पट बंद होने के समय प्रतिमा को वहां से हटाकर परिसर के बाहर स्थित एक मंदिर में सुरक्षित रखवा दिया, धार एसपी सचिन शर्मा और जिला प्रशासन की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी।

## यात्री की शिकायत पर कार्रवाई...

# ट्रेवल्स करेगा भरपाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक एक में नुपूर चौधरी ने सिटी ट्रेवल्स के खिलाफ एक परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होने बताया कि 20 जनवरी 2021को इन्दौर से पुणे यात्रा के लिए सिटी ट्रेवल्स की बस में सीट आरक्षित की थी। बस शिर्डी पहुंचने पर तकनीकी खराबी के कारण आगे नहीं जा सकी। जिसके बाद बस संचालकों ने वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की जिससे यात्री को स्वयं के अतिरिक्त व्यय कर अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ी। इस मामले में आयोग ने उपभोक्ता के प्रति ट्रेवल्स की सेवा में कमी मानी। उन्होने ट्रेवल्स को निर्देशित किया कि वह परिवादी की बस टिकिट की राशि 260 रुपए का भुगतान करें और मानसिक क्षतिपूर्ति के 5 हजार और अन्य व्यय के 2 हजार रुपए 45 दिन के भीतर लौटाए।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 ज़ून से

**इंदौर ।** इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (आईडीबीए) के तत्वावधान में एली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 4वीं एचएमजी ट्रॉफी बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 17 से 21 जून तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, निपानिया, इंदौर में किया जाएगा। आईडीबीए के सचिव आर. पी. सिंह नय्यर व एली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के संस्थापक रजनीश जैन एवं हेमंत सिंह हेडऑफ स्पोर्ट्स, दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका एकल मुकाबले होंगे। सभी मैच बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन एवं बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नए प्रारूप के अनुसार 15 अंकों के बेस्ट ऑफ 3 गेम्स में खेले जाएंगे।

सत्र 2026-27 के लिए आईडीबीए पंजीकरण न कराने वाले खिलाड़ियों को 10 अतिरिक्त शुल्क देना होगा। प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन माध्यम से 15 जून तक स्वीकार की जाएंगी।

विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। आयोजन स्थल पर फूड स्टॉल की व्यवस्था भी रहेगी।

आर. पी. सिंह नय्यर ने बताया कि आईडीबीए का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच देना है। रजनीश जैन ने कहा कि एली स्पोर्ट्स का प्रयास बैडमिंटन को जमीनी स्तर तक ले जाना और खिलाड़ियों को प्रोफेशनल एक्सपोजर देना है।

# गिल 126 रन बनाकर आउट, भारत का स्कोर 425 पार

**मुल्लांपुर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल इंडिया - अफगानिस्तान टेस्ट मैच के दूसरे दिन 126 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 4 विकेट पर 425 रनों का स्कोर खड़ा कर लिया था। पंत 69 और ध्रुव जुरैल 4 रन बनाकर खेल रहे थे। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में पहली बार टेस्ट क्रिकेट का आयोजन हो रहा है। आज दूसरे दिन भारत ने 368/3 से आगे खेलना शुरू किया । कल शुभमन गिल शतक और ऋषभ पंत अर्धशतक बनाकर नाबाद थे। लेकिन शुरुआत घंटे में अफगानिस्तान को चौथी सफलता मिली। जब कप्तान गिल 126 के स्कोर पर मो. सलीम की गेंद पर विकेट के पीछे अफसर जाजाई को कैच दे बैठे। कप्तान गिल ने इस बारी में 15 चौके और 1 छक्का लगाया। यह उनकी 11वीं सेंचुरी थी। गिल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए 169 रनों की साझेदारी हुई। पहले दिन के खेल के बाद भारत का स्कोर 368/3 था। केएल राहुल शतक जड़कर आउट हुए थे । 81 रन साई सुदर्शन ने बनाए थे, जबकि यशस्वी जायसवाल ने 24 रन बनाए थे। पहले दिन 85 ओवर का खेल हुआ था।

# स्मैश ट्राफी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा 14 जून को

**इंदौर ।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में स्मैश ट्राफी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा 14 जून को अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में होगी । 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका वर्ग के एकल मुकाबले होंगे । सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा का यह तीसरा आयोजन हैं । दूसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा अप्रैल माह में हुई थी, जिसमें लीग आधार पर मुकाबले हुए थे ।

स्पर्धा के के लिए प्रविष्टियां 13जून शाम 5 बजे तक धर्मेश यशलहा और हर्ष सरग को दी जा सकती हैं । सभी मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकाकस से और नये 15 3 गेम स्कोरिंग सिस्टम से होंगे । विजेता और उपविजेता के साथ ही स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी पुरस्कार दिया जा जाएगा । किसी भी क्लब और एकेडमी के खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियां दे सकते हैं । इन दिनों सरताज अकादमी और अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर चल रहा हैं

# श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में इंदौर के सारांश जैन का चयन

**इंदौर । मध्यप्रदेश क्रिकेट के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के प्रतिभाशाली ऑलराउंडर सारांश जैन का चयन श्रीलंका दौरे के लिए घोषित भारतीय ए टीम में किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने श्रीलंका में खेले जाने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों के लिए भारत ए टीम की घोषणा की है, जिसमें मध्यप्रदेश के सारांश जैन को मौका मिला है। उनके चयन से प्रदेश के क्रिकेट जगत में खुशी की लहर है।**

सारांश जैन घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। मध्यप्रदेश रणजी टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी मेहनत और निरंतर प्रदर्शन का ही परिणाम है कि उन्हें भारत ए जैसी मजबूत टीम में जगह मिली है। यह चयन उनके करियर के लिए एक बड़ा अवसर माना जा रहा है, जहां वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलकर अपनी प्रतिभा को और निखार सकेंगे।

भारत ए टीम श्रीलंका दौरे पर दो चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच खेलेगी। पहला मुकाबला 25 से 28 जून तक गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 2 से 5 जुलाई तक इसी मैदान पर आयोजित होगा। क्रिकेट प्रेमियों की नजरें अब सारांश जैन के प्रदर्शन पर रहेंगी, जिनसे भारतीय टीम प्रबंधन को भी काफी उम्मीदें हैं।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम

ध्रुव जुरेल (कप्तान एवं विकेटकीपर), साई सुदर्शन, आयुष पांडेय, देवदत्त पडिक्कल (उपकप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, सारांश जैन, गुरनूर बरार, आकिब नबी, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), अमन मोखाडे, शेख रशीद, जीशान अंसारी ।

### कार्यक्रम

25-28 जून 2026: पहला अनौपचारिक टेस्ट, गॉल (श्रीलंका)

2-5 जुलाई 2026: दूसरा अनौपचारिक टेस्ट, गॉल (श्रीलंका)

# हमें लगभग मजबूरन चुनना पड़ा-अगरकर



**मुंबई।** बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं के पास इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में उन्हें शामिल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा।

भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किए गए सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम के लिए चुने जाने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा बनाए गए 36 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

तेंदुलकर ने 1989 में 16 साल की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया था और एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया था जो बहुत लंबे समय तक कायम रहा। टीम की घोषणा के दौरान बोलते हुए, अगरकर ने कहा कि सूर्यवंशी ने अपने करियर के शुरुआती चरण में होने के बावजूद अपने प्रदर्शन के दम पर प्रभावी रूप से अपनी जगह बनाई है। जैसा कि मैंने पहले कहा, उनके प्रदर्शन ने हमें उन्हें टीम में शामिल करने के लिए लगभग मजबूर कर दिया है। मैं उनकी उम्र और उनकी कम उम्र और करियर की शुरुआत को जानता हूं, लेकिन जैसा कि मैंने कहा, लगातार दो आईपीएल (2025 और 2026) में खेलने के बाद, हम जानते हैं कि उन्होंने अंडर-19 स्तर पर कैसा प्रदर्शन किया था। हम सभी उनकी प्रतिभा को देख सकते हैं, और हमें उम्मीद है कि अगर उन्हें देश के लिए खेलने का मौका मिलता है, तो वे उसी तरह की क्षमता दिखाएंगे जो उन्होंने अब तक दिखाई है। मुख्य चयनकर्ता ने स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इस युवा खिलाड़ी के लिए एक कठिन चुनौती पेश करेगा, लेकिन उन्होंने उसकी क्षमता और स्वभाव पर विश्वास व्यक्त किया। अपने देश के लिए खेलते समय निश्चित रूप से और भी कठिन चुनौतियाँ होंगी, लेकिन उसने शानदार प्रतिभा और धैर्य दिखाया है, इसलिए हम सभी बहुत आशावादी हैं, और मुझे लगता है कि उसने अपने प्रदर्शन के दम पर खुद को टीम में शामिल किया है। यह हमेशा सोच-समझकर लिया गया फैसला होता है क्योंकि, जैसा कि पिछले प्रश्न में था, इस समय टी20 क्रिकेट में बहुत प्रतिभा मौजूद है।

# हॉकी खिलाड़ियों ने दिखाया स्टिक का कमाल



**इंदौर।** शहर के हॉकी खिलाड़ियों ने तपती गर्मी के बीच ग्रीष्मकालीन शिविर में अपने हुनर को तराशा और फिर स्पर्धा के जरिए काबिलियत का परिचय दिया। समाजसेवी स्व. बंसीलाल सिलावट स्मृति सेवन साइडर हॉकी स्पर्धा में बालक और बालिकाओं ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया।

क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल पर फाइनल में हॉकी यूनिट टीम ने मेजबान प्रकाश हॉकी क्लब को 2-1 से हराते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। तीसरे स्थान के मैच में किशनदादा टीम ने आइएटीवी टीम को 4-0 से पराजित किया। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण फिजियोथैरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. रामहरि मीणा, मध्य प्रदेश के ख्यात सर्जन डॉ. शैलेष गुप्ता, भंवरकुआ थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी और चर्म रोग विशेषज्ञ एमडी डॉ. अभिषेक मालवीय के आतिथ्य में हुआ। विशेष अतिथि डॉ. मंदाकिनी सिलावट, डिप्टी कलेक्टर पल्लवी पुराणिक और डॉ. अनिष्का राजे थीं। अतिथियों का स्वागत प्रेम प्रजापत, रेहान अंसारी, चंकी कुमावत, संदीप वर्मा, बंटी यादव, डॉ. रफीक खान, शैलेंद्र वर्मा, राजेश मकवाना और राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रथमेशराजे सिलावट ने किया। आभार हलीम खान ने माना। विजेता और उपविजेता टीमों को खेल सामग्री वितरित की गई जबकि व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षक अशोक यादव और सरवर खान का भी सम्मान किया गया।

# अभ्यास मैच में ब्राजील ने कड़े मुकाबले में मिस्र को हराया

**क्लीवलैंड (ओहियो)।** ब्राजील ने क्लीवलैंड में अपने अंतिम अभ्यास मैच में मिस्र पर 2-1 से जीत हासिल करके 2026 फीफा विश्व कप की तैयारियों को प्रभावशाली ढंग से जारी रखा और लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की।



पांच बार के विश्व चैंपियन क्रोएशिया और पनामा पर दोस्ताना जीत के बाद पूरे जोश में मिस्र पहुंचे थे और उन्होंने मिस्र के खिलाफ शानदार शुरुआत की । फीफा के मुताबिक, ब्राजील ने सातवें मिनट में मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस के गोल से बढ़त बनाई, जिन्होंने मोहनाद लशीन की एक बड़ी गलती का फायदा उठाया।

गोलकीपर मुस्तफा शोबेर द्वारा गेंद को क्लियर करने के बाद मिस्र के मिडफील्डर के पास गेंद का नियंत्रण नहीं रहा, जिससे गुइमारेस को निचले दाएं कोने में शानदार फिनिशिंग शॉट लगाने का मौका मिल गया।

हालांकि, मिस्र ने लगभग तुरंत ही जवाब दिया। महज चार मिनट बाद, ब्राजील के कप्तान मार्किनहोस के गलत पास को मुस्तफा ज़िको ने इंटरसेप्ट किया और शांति से गेंद को गोलकीपर एलिसन के ऊपर से निकालकर स्कोर बराबर कर दिया। यह गोल राष्ट्रीय टीम के लिए खेले गए दो मैचों में ज़िको का दूसरा गोल था।

पहले हाफ के बीच में ही ब्राज़ील को उस समय झटका लगा जब डिफेंडर वेस्ली फ्रांका चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। इस व्यवधान के बावजूद, कार्लो एंसेलोटी की टीम ने धीरे-धीरे मैच पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया। विनीसियस जूनियर और इगोर थियागो दोनों ने शोबेर का परीक्षण किया, जबकि विनीसियस की पेनल्टी की अपील को हाफ टाइम से कुछ ही समय पहले खारिज कर दिया गया।

एन्सेलोटी ने मध्यांतर के दौरान आठ बदलाव किए, और उनके एक बदलाव ने 52वें मिनट में निर्णायक क्षण प्रदान किया। राफिन्हा ने बाएं फ्लैंक से शानदार दौड़ लगाई और एंड्रिक को पास दिया, जिन्होंने सटीक शॉट लगाकर ब्राजील को फिर से बढ़त दिला दी।

# रीवा जगुआर्स की शानदार, बुंदेलखंड बुल्स को करारी मात दी



**इंदौर।** इंदौर के होलकर स्टेडियम में चल रहे आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप 2026 में रीवा जगुआर्स ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बुंदेलखंड बुल्स को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी रीवा जगुआर्स ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। गेंदबाज रामवीर गुर्जर की घातक गेंदबाजी के आगे बुंदेलखंड बुल्स की पूरी टीम 15.3 ओवर में 74 रनों पर सिमट गई।

बुंदेलखंड बुल्स के लिए केवल पार्थ गोस्वामी ही कुछ संघर्ष करते नजर आए। उन्होंने 30 गेंदों में 25 रन बनाए। पार्थ अपनी टीम के एकमात्र बल्लेबाज रहे जो दहाई का आंकड़ा पार कर सके। रीवा की ओर से रामवीर गुर्जर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 2.3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। सागर सोलंकी, रोहित राजावत और पृथ्वीराज सिंह तोमर ने दो-दो विकेट लिए। 75 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा जगुआर्स के बल्लेबाजों ने इसे महज औपचारिकता बना दिया और केवल 5.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अक्षत रघुवंशी ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 42 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 4 छक्के और 4 चौके लगाए।

# अर्थ क्रिकेट अकादमी में सीख रहे खेल की बारीकियां



**इंदौर।** अर्थ क्रिकेट अकादमी में इन दिनों ग्रीष्मकालीन शिविर की धूम मची हुई है। इस शिविर में बड़ी संख्या में बच्चे अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग ले रहे हैं। कैंप का मुख्य आकर्षण मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके अनुभवी मुख्य कोच आनंद डोंगरे हैं, जिनसे बच्चे क्रिकेट खेल की बारीकियाँ सीख रहे हैं और उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

शिविर के दौरान बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए ताइक्वांडो इंटरनेशनल कोच मिथिलेश कैमरे ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने अकादमी के बच्चों से मुलाकात कर उनका परिचय लिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान इंटरनेशनल कोच कैमरे ने बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे खेल की समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सभी युवा खिलाड़ियों को खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस विशेष अवसर पर अर्थ क्रिकेट अकादमी के मेंटर अभय चौधरी ने अतिथि इंटरनेशनल कोच मिथिलेश कैमरे का गर्मजोशी से स्वागत किया और कार्यक्रम के अंत में शिविर में अपना बहुमूल्य समय देने व बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# विश्व साइकिल दिवस पर रैली का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** क्रीड़ा भारती द्वारा आज विश्व साइकिल दिवस पर आज रैली का आयोजन राजवाड़ा से किया गया। हरदीपसिंह उप्पल ने बताया कि ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष भी इस दौरान मौजूद रहे। रैली में 5 साल से 75 साल तक के आयु वाले साइकलिस्ट ने सहभागिता की। हरीश डागोर, हरदीपसिंह रूप्पल, कृपाशंकर पटेल, राहुल, अभय लक्कड़, राजु गोतम, गोवर्धन, रंजन पंवार, संगीता, दक्ष सिंह गौड, वीरेंद्र पंवार, योगेश पुरोहित, राकेश मिश्रा, प्रेम दुआ, मिथलेश केमरे, राकेश सिरसिया आदि उपस्थित थे।



# शोरूम का कांच का गेट तोड़कर फिल्मी स्टाइल में बाइक ले उड़े दो चोर

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात





**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने फिल्मी अंदाज में एक बड़े टू-व्हीलर शोरूम को निशाना बनाया। चोरों ने देर रात शोरूम के सामने कांच का गेट तोड़ा और भीतर प्रवेश कर वहां रखी एक चमचमाती नई पेटीपैक पल्सर 220 मोटरसाइकिल चुराकर रफूचक्कर हो गए। चोरी की यह पूरी लाइव वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वारदात लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 अरण्य नगर स्थित सुजाता ऑटो प्राइवेट लिमिटेड' शोरूम पर हुई। शोरूम के कर्मचारी फरियादी गगनसिंह पंवार पिता ईश्वरसिंह पंवार निवासी कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड ने थाना पहुंचकर इस चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। फरियादी गगनसिंह ने पुलिस को बताया कि रोजाना की तरह काम खत्म होने के बाद शोरूम लॉक करके स्टाफ घर चला गया था। देर रात दो अज्ञात नकाबपोश चोर शोरूम के बाहर पहुंचे। चोरों ने सबसे पहले शोरूम के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे बड़े कांच के गेट को कड़े प्रहार से तोड़ दिया। रास्ता साफ होते ही दोनों आरोपी बेखौफ होकर शोरूम के भीतर दाखिल हुए और शोरूम के अंदर खड़ी कई गाड़ियों के बीच से चोरों ने ब्लैक-रेड रंग की एक नई पेटीपैक पल्सर 220 बाइक को चुना। आरोपी फिल्मी स्टाइल में गाड़ी को शोरूम से बाहर निकालते हुए उसे स्टार्ट कर हवा की रफ्तार से गायब हो गए। सुबह जब शोरूम खुला और कांच टूटा देखा गया तब चोरी की इस बड़ी वारदात का खुलासा हुआ। शोरूम प्रबंधन ने जब अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें दो अज्ञात आरोपी कांच तोड़कर पल्सर बाइक ले जाते हुए साफ नजर आ रहे हैं।

# रावजी बाजार में मामूली विवाद पर युवक पर चाकू से हमला

## बीच-बचाव करने आए साथी को भी पीटा, 9 पर केस दर्ज

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में कल देर रात आपसी विवाद को लेकर बदमाशों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। इस दौरान जब पीड़ित का साथी उसे बचाने दौड़ा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

रावजी बाजार थाना पुलिस के मुताबिक, हमले की यह सनसनीखेज वारदात बीती रात शंकरबाग अखाड़े के पास घटित हुई। घटना में घायल युवकों की पहचान तरुण जरिया और दीपू जरिया के रूप में हुई है। घायलों की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी पक्ष ने पुलिस को बताया कि पुराने किसी विवाद को लेकर क्षेत्र के बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उन पर हमला कर दिया। इसी बीच एक आरोपी ने धारदार चाकू निकालकर तरुण पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब दीपू जरिया उसे बचाने आया तो आरोपियों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई क़र दी और जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने घायलों के बयान और रिपोर्ट के आधार पर आरोपी आकाश, शिवा, मनोज, चंदू, ऋषभ, शैलवीना, दो अन्य महिलाओं और उनके साथियों कुल 9 आरोपी, सभी निवासी शंकरबाग के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# दुकान से लौट रही नाबालिग का रास्ता रोककर छेड़छाड़

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सरेराह छेड़छाड़ और जबरन मोबाइल नंबर मांगने की घटना सामने आई है। आरोपी ने पीड़िता का रास्ता रोककर उसके साथ बदतमीजी की और विरोध करने पर उसका हाथ पकड़ लिया। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास स्थित एक दुकान से सामान खरीदने गई थी। जब वह सामान लेकर वापस अपने घर लौट रही थी, तभी उसके घर के पास वाली गली में पहले से घात लगाए खड़ा एक युवक उसे मिल गया। पीड़िता ने उसकी पहचान ग्राम माचला के रहने वाले राजा राठौर के रूप में की है।नाबालिग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी राजा राठौर ने उसे सूनी गली में देखते ही उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने उसके सामने खड़े होकर कहा किमैडम, मुझे अपना मोबाइल नंबर दे दो। जब नाबालिग ने नंबर देने से साफ मना कर दिया और वहां से आगे बढ़ने लगी, तो आरोपी ने बुरी नियत से उसका उल्टा हाथ जबरदस्ती पकड़ लिया और उसके साथ खींचतान करने लगा।

# पशु आहार कारखाने में लगी आग

## दमकल कर्मियों ने ढाई हजार लीटर पानी से पाया काबू

**इन्दौर।** सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक पशु आहार कारखाने के गोदाम में आज सुबह अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख कारखाने में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए करीब ढाई हजार लीटर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। फायर ब्रिगेड को आज सुबह करीब 6 बजे सांवेर रोड के सी-सेक्टर में स्थित जय किसान पशु आहार कारखाने में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों को तत्काल वाहनों के साथ मौके के लिए रवाना किया गया। आग कारखाने के गोदाम हिस्से में लगी थी, जहाँ पशु आहार का स्टॉक रखा हुआ था।गोदाम में आग फैलती देख वहाँ काम कर रहे कर्मचारियों ने भी सूझबूझ दिखाई और दमकल टीम के पहुँचने से पहले अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इसके बाद फायर फाइटर्स ने मोर्चा संभालते हुए करीब ढाई हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग को आगे फैलने से रोका और शांत किया। इस अग्निकांड में गोदाम की बोरियों में रखा काफी मात्रा में पशु आहार जलकर खाक हो गया। आग लगने के सटीक कारणों और कुल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# 2 किमी के दायरे में 250 सीसीटीवी कैमरे खंगालकर चोरों को दबोचा

## पान दुकान में चोरी करने वाले धराए, 4 लाख का माल बरामद



**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना पुलिस ने खंडवा रोड स्थित पान दुकान' में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए क्षेत्र के करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मैदानी नेटवर्क की मदद से दो शातिर चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक शातिर बदमाश और उसका नाबालिग साथी शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई करीब 4 लाख रुपये मूल्य की सिगरेट और नकदी बरामद कर ली है।

पुलिस के मुताबिक, बीती रात अज्ञात बदमाशों ने खंडवा रोड स्थित कर्णावत पान दुकान को निशाना बनाया था। शातिर चोर दुकान का ऊपरी टीन शेड तोड़कर भीतर दाखिल हुए थे। चोरों ने दुकान के अंदर रखे विभिन्न नामी ब्रांड्स के कीमती सिगरेट के डिब्बे, गुटखा पाउच और गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। सुबह जब संचालक दुकान पहुँचे, तब वारदात का पता चला। दुकान के अंदर लगे कैमरों में दो बदमाश चोरी करते हुए कैद हुए थे। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि वारदात की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने घटनास्थल और बदमाशों के भागने वाले रास्तों पर लगे करीब 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मुख्य आरोपी जीतू उर्फ राइडर पिता सुदामा पारेनिवासी कमल नगर, मूसाखेड़ी और उसके एक नाबालिग साथी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दुकान से चोरी हुआ शत-प्रतिशत माल कीमत करीब 4 लाख रुपये बरामद कर लिया है।

# श्मशान में तांत्रिक क्रिया क्यों करता है? कहकर युवक को घेरा

## चाकू और सरिए से मारकर भाईयों को किया लहूलुहान

**इन्दौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र में अंधविश्वास और शक के चलते सरेराह गुंडागर्दी का एक मामला सामने आया है। यहां कुछ बदमाशों ने एक युवक को रास्ते में रोककर उस पर तांत्रिक क्रिया करने का आरोप लगाया और फिर चाकू व लोहे के सरिए से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के भाई को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस अनुसार, घटना सिमरोल थाना क्षेत्र के बगोदा रोड स्थित आंगनवाड़ी के पास की है। ग्राम बगोदा निवासी फरियादी राजेश पिता देवकरण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि क्षेत्र के चार बदमाशों ने मिलकर उनका रास्ता रोका। आरोपियों ने राजेश को देखते ही चिल्लाकर कहा तू श्मशान में तांत्रिक क्रिया क्यों करता रहता है 'इसके बाद बदमाशों ने गालियां देना शुरू कर दिया.जब राजेश ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। एक आरोपी ने जेब से धारदार चाकू निकालकर राजेश के सिर पर दे मारा, जिससे खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब राजेश का भाई पप्पू उन्हें बचाने दौड़ा तो बदमाशों ने उस पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया। सरिए के वार से पप्पू के सिर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों भाइयों को लहूलुहान करने के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गए, अगर दोबारा रात में दिखे तो जान से खत्म कर देंगे और मौके से भाग निकले।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।